
# नेशनल प्रेस टाइम्स




नई दिल्ली, गुरुवार
13 मार्च 2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 13 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 12 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


# पीएम नरेन्द्र मोदी को मिला मॉरीशस का सर्वोच्च सम्मान

नई दिल्ली। मॉरीशस के राष्ट्रपति धरमबीर गोखूल ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राजधानी पोर्ट लुइस में देश के सर्वोच्च सम्मान ह्यद ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशनह्न से सम्मानित किया। पीएम मोदी को मिला यह 21वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है।

प्रधानमंत्री ने पूर्ण विनम्रता और कृतज्ञता के साथ स्वीकार करते हुए पुरस्कार को भारत से सदियों पहले मॉरीशस आए पूर्वजों और उनकी सभी पीढ़ियों को समर्पित किया।

मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह के दौरान सम्मानित प्रधानमंत्री ने हार्दिक आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह सिर्फ उनका नहीं बल्कि 1.4 अरब भारतीयों का सम्मान है। यह भारत और मॉरीशस के बीच के रिश्ते के सदियों पुराने सांस्कृतिक और ऐतिहासिक बंधनों को सम्मान है। साथ ही प्रधानमंत्री ने अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया कि भारत-मॉरीशस रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का हर संभव प्रयास करते रहेंगे।



मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन चंद्र रामगुलाम ने कल एक सामुदायिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी को उनके देश के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित करने की घोषणा की थी।

उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी सम्मान के वास्तविक अधिकारी हैं। इसी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत सरकार की ओर से राष्ट्रपति और उनकी पत्नी मीना को ह्यओवरसीज सिटिजन आफ इंडियाह्न (ओसीआई) कार्ड प्रदान किया था। यह कार्ड भारत में आवाजाही की वीजा सुविधा प्रदान करता है और भारतीय मूल के विदेशी नागरिकों को दिया जाता है।

# हरियाणा में बजा भाजपा का डंका

## 10 में से नौ निगमों में BJP, मानेसर में निर्दलीय ने मारी बाजी, कांग्रेस

हरियाणा । हरियाणा में हुए 10 नगर निगमों के चुनावों में भाजपा ने 9 नगर निगमों में जीत दर्ज की, जबकि मानेसर में निर्दलीय उम्मीदवार डॉ. इंद्रजीत यादव ने भाजपा प्रत्याशी सुंदर लाल को हराकर जीत हासिल की।

हरियाणा के 10 नगर निगमों के मेयर चुनाव के नतीजे आ गए हैं। मानेसर निगम में निर्दलीय उम्मीदवार डॉ. इंद्रजीत यादव ने जीत दर्ज की। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार सुंदर लाल को हराया। इंद्रजीत यादव ने खुद को केंद्रीय राज्यमंत्री व गुरुग्राम से भाजपा सांसद राव इंद्रजीत के करीबी बताकर प्रचार किया था। वहीं, भाजपा रोहतक, हिसार, करनाल, अंबाला, सोनीपत और फरीदाबाद नगर निगम में मेयर का चुनाव जीत गई है। कांग्रेस सभी निगमों में पिछड़ी गई है। कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट के विधानसभा क्षेत्र जुलाना की नगर पालिका में चेयरमैन पद के लिए भाजपा के डॉ. संजय जांगड़ा ने जीत दर्ज की है। फतेहाबाद जिले की जाखल मंडी नगर पालिका में निर्दलीय उम्मीदवार विकास कुमार चेयरमैन बन गए हैं।


नगर निगम मेयर के चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस को करारी शिकस्त दी है। तीन बार कलानौर हलके से विधानसभा चुनाव हार चुके पार्टी के मेयर प्रत्याशी रामअवतार वाल्मीकि ने कांग्रेस प्रत्याशी सूरजमल किलोई को 45 हजार 191 हजार वोटों के अंतर से मात दी। खास बात यह रही कि लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जाट बाहुल्य वार्डों में जहां कांग्रेस ने जीत हासिल की थी, वहां भाजपा मेयर चुनाव में भारी पड़ी। नॉन जाट बाहुल्य वार्डों में तो कांग्रेस को करारी हार मिली है। 13 राउंड चली मतगणना में कांग्रेस भाजपा को एक भी राउंड में नहीं हरा सकी।

निगम चुनाव में भाजपा ने जहां पूरा जोर लगाया, जबकि कांग्रेस में उत्साह नजर नहीं आया।







# पत्रकार की हत्या को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन

सुरेंद्र मलानिया



बड़ौत (बागपत):सीतापुर जनपद में एक प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की निर्मम हत्या के विरोध में ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन ने कड़ा रुख अपनाया है। मंगलवार को दोपहर 11 बजे एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेश तोमर, जिला अध्यक्ष सुनील चौहान और महामंत्री अनिल शर्मा के नेतृत्व में बड़ौत उपजिलाधिकारी मनीष यादव को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान करीब डेढ़ दर्जन पत्रकारों ने न्याय और ठोस कार्रवाई की मांग की।

**पत्रकार सुरक्षा को लेकर 6 प्रमुख मांगें रखीं गई**

ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन ने ज्ञापन में छह बिंदुओं पर सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की:

1. परिवार को सुरक्षा - मृतक पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी के परिवार को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाए ताकि भविष्य में कोई अनहोनी न हो।

2. सख्त कार्रवाई झ हत्या के दोषियों और साजिशकर्ताओं के खिलाफ त्वरित और कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

3. आर्थिक सहायता - पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तत्काल प्रदान की जाए।

4. आजीविका की व्यवस्था - परिवार के एक आश्रित को सरकारी सेवा में नौकरी दी जाए ताकि उसकी आजीविका सुनिश्चित हो सके।

5. पत्रकार सुरक्षा समिति का गठन - पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर एक उच्चस्तरीय समिति गठित की जाए, जिसमें ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन को भी प्रतिनिधित्व दिया जाए। समिति की रिपोर्ट के आधार पर पत्रकार सुरक्षा से जुड़े ठोस कदम उठाए जाएं।

6. परिवार को दीर्घकालिक सहायता - मृतक पत्रकार की पत्नी को आजीवन पेंशन दी जाए और अनाथ बच्चों की पढ़ाई-लिखाई तथा विवाह का पूरा खर्च सरकार वहन करे।

धरना-प्रदर्शन की चेतावनी- एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि यदि तीन दिनों के भीतर इन मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो संगठन पूरे देश में धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होगा। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

**इन पत्रकारों ने दर्ज कराई उपस्थिति**

इस ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से गौरव तोमर, प्रमोद पंवार, संदीप दहिया, अनिल शर्मा, अमित सैनी, बिजेंद्र सिंह, संदीप, सुरेंद्र मलिनिया, अरुण राठी, आरिफ, अजमल खान, चंद्रबल तोमर आदि शामिल रहे।

पत्रकारों ने एक स्वर में कहा कि पत्रकार समाज का चौथा स्तंभ हैं, उनकी सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। यदि सरकार इस मामले को गंभीरता से नहीं लेती है, तो पूरे देशभर के पत्रकार विरोध में सपुर ड़कों पर उतरने के लिए बाध्य होंगे।

# खेकड़ा में हिन्दू युवा वाहिनी ने धूमधाम के साथ मनाया होली मिलन समारोह

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



बागपत।खेकड़ा कस्बे के शामला फार्म हाऊस में हिन्दू युवा वाहिनी द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में हिन्दू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष नीरज धामा ने होली पर्व की महत्ता पर प्रकाश डाला और हिन्दू युवा वाहिनी के कार्यो से उपस्थित लोगों को अवगत कराया। उन्होने कहा कि हिंदू युवा वाहिनी हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के लिए समर्पित एक सांस्कृतिक और सामाजिक संगठन है। कहा कि हिन्दू युवा वाहिनी का मुख्य उद्देश्य देश से स्पर्श-अस्पृश्य और ऊंच-नीच के बीच भेदभाव को पूरी तरह से समाप्त करके विशाल हिंदू समाज के भीतर एकीकरण और आपसी सद्भावना को बढ़ावा देना और समाज के सामंजस्यपूर्ण विकास को बढ़ावा देना है। अन्त में हिन्दू युवा वाहिनी के सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर, एक दूसरे का मूहं मीठा कराकर व गले मिलकर होली पर्व की बधाई दी और देशभक्ति गानों व भजनों पर जमकर झूमे-नाचे-गाये। इस अवसर पर हिन्दू युवा वाहिनी के महामंत्री नरेश शर्मा ने कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम की सफलता के लिए हिन्दू युवा वाहिनी के सभी सदस्यों की जमकर प्रशंसा की।

इस अवसर पर मंत्री नरेन्द्र शर्मा, उपाध्यक्ष किशन गुप्ता, प्रमुख समाजसेवी अजय शर्मा, कपिल, पिंटू धामा, समाजसेवी कपिल ब्राहमण बसी, जिला मंत्री रविन्द्र धामा, चेतन चंदेला, सन्नी गुप्ता, भारत धामा, बिट्टू धामा, चंद्रमोहन दहिया उर्फ चिंटू सहित सैंकड़ो लोग उपस्थित थे।

# बागपत के उभरते अभिनेता को बॉलीवुड एक्ट्रेस अमृता प्रकाश ने दिया सम्मान

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



बागपत। बागपत के एक उभरते हुए अभिनेता और मॉडल को हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री अमृता प्रकाश द्वारा ₹सर्वश्रेष्ठ आगामी अभिनेता₹ (ई२३ वस्र्ूङ्गेल्ल्रॅ अू३ङ्ग१) के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके बेहतरीन अभिनय और मॉडलिंग में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया, जिससे न केवल उनके करियर में एक नई ऊंचाई आई, बल्कि बागपत क्षेत्र का नाम भी रोशन हुआ।

**बॉलीवुड हस्तियों ने की तारीफ**

पुरस्कार समारोह में बॉलीवुड की कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित थीं, जिन्होंने इस युवा अभिनेता की प्रतिभा और मेहनत की सराहना की। बॉलीवुड अभिनेत्री अमृता प्रकाश, जो खुद अपने शानदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं, ने इस अवसर पर कहा– यह कलाकार इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाएगा। इसकी मेहनत और लगन इसे आगे लेकर जाएगी।अभिनेता ने साझा की अपनी खुशी सम्मान प्राप्त करने के बाद अभिनेता ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा–\यह मेरे जीवन का सबसे खास पल है। मैं अपने परिवार, दोस्तों और गुरुजनों का आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने हर कदम पर मेरा साथ दिया और मुझ पर विश्वास रखा।

**युवाओं के लिए प्रेरणादायक सफलता**

यह उपलब्धि बागपत और आसपास के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है और यह दशार्ती है कि छोटे शहरों से आने वाले कलाकार भी मेहनत, लगन और टैलेंट के दम पर बॉलीवुड में अपनी जगह बना सकते हैं।

# भद्रा खत्म होने के बाद रात 11:30 बजे जलेगी होलिका

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

गाजियाबाद। इस बार होलिका दहन के दिन पूरे दिन भद्रा का साया रहेगा। पंडित शिवकुमार शर्मा ने बताया कि इस बार होलिका दहन के लिए रात 11:30 बजे से शुभ साया है। इस दौरान रवि योग का भी संयोग बन रहा है। दूधेश्वरनाथ मंदिर, होली वाली गली सहित सभी प्रमुख स्थानों पर रात 11:30 बजे के बाद होलिका दहन किया जाएगा।

पंडित दुलीदत्त कौशिक ने बताया कि 13 मार्च को सुबह 10: 35 बजे तक चतुर्दशी है। उसके बाद पूर्णिमा आ जाएगी। उन्होंने बताया कि इस दिन सुबह 10:35 बजे से लेकर रात 11:29 तक भद्रा का साया रहेगा। पंडित शिवकुमार शर्मा ने बताया कि होलिका पूजन के लिए भद्रा का विचार नहीं किया जाता है। भद्रा का विचार होलिका दहन के लिए होता है। उन्होंने बताया कि सुबह 08:06 बजे से 10:35 तक पूजन का मुहूर्त शुभ रहेगा। इसके अलावा 13:35 बजे से धृति योग, 11:36 से 12:24 बजे तक अभिजीत मुहूर्त रहेगा। इसके बाद रात 11:30 के बाद होलिका दहन रवि योग में श्रेष्ठ रहेगा।

होली वाली गली में 30 क्विंटल लकड़ी और 100 पराली के बंडल से होलिका जलाई जाएगी। शहर की सबसे बड़ी और पुरानी होली में सुबह से ही 800 किलो हलवे का प्रसाद बंटना शुरू हो जाएगा। आयोजक उस्ताद अशोक गोयल ने बताया कि होलिका दहन से पहले सुबह 11:00 बजे से मेला लगेगा। इसमें सभी को हलवे का प्रसाद बांटा जाएगा। होलिका दहन रात 11:30 पर होगी।

# माधव सरस्वती विद्या मंदिर में धूमधाम के साथ मनाया गया होली मिलन समारोह



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बागपत। माधव सरस्वती विद्या मंदिर सुभानपुर के प्रांगण में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के उपाध्यक्ष हरिओम गुप्ता मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। इसके साथ ही विशेष अतिथि आर एस भंडारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। हरिओम गुप्ता ने सरस्वती माँ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया व माँ सरस्वती के चित्र को पुष्प अर्पित किए।विद्यालय के प्रधानाचार्य रवीश कुमार ने अतिथियों का परिचय कराकर हार्दिक अभिनन्दन किया। इसके पश्चात हरिओम गुप्ता ने होली का महत्व बताते हुए कहा कि होली का त्योहार सब लोगों में हर्षोल्लास व उमंग का संचार करता है। इस मौके पर सभी आपसी बैर - भाव मिटाकर एक दूसरे से मिलते हैं व रंग लगाते हैं। प्रधानाचार्य रवीश कुमार ने कहा कि होली आपसी सौहार्द और एकता का त्योहार है, जो हमें बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश भी देता है। रवीश कुमार ने हरिओम गुप्ता को तिलक लगाकर व उनके ऊपर पुष्प वर्षा करके होली की बधाई दी। इसके अलावा सभी आचार्यों व कर्मचारियों ने एक दूसरे पर पुष्प वर्षा करके होली की बधाई दी।

इस प्रकार विद्यालय में सप्रेम शांतिपूर्ण तरीके से पर्यावरण - अनुकूल होली मनाई गई। इस अवसर पर ममता शर्मा, अविनाश, हेमंत, पुष्पा, दीपा, मंथन, नितीश, सुनील, प्रीति, दीपशिखा, नीरु, गुंजन, प्रतिमा, रोहित, विपिन, अनन्या, खुशी, ललिता, ममता चौहान, स्वाति, आकांक्षा आदि शिक्षक उपस्थित रहे। इनके अलावा रश्मि , कृष्ण मोहन, गीता, सूरज, श्यामो, राहुल, पवन, लव, हरेंद्र, प्रवीन आदि शामिल हुए।

# गाजियाबाद के एनएच-नौ पर कई वाहन आपस में टकराए, बाल-बाल टला बड़ा हादसा, सड़क पर लगा जाम

मसूरी (गाजियाबाद) पुलिस ने क्रेन मंगाकर दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों को सड़क किनारे लगवाया और बाधित यातायात को सुचारू कराया। सहायक पुलिस आयुक्त मसूरी लिपी नगायच ने बताया कि एनएच-नौ स्थित डासना भूडगढ़ी रजबहे के पास गाजियाबाद से हापुड़ की तरफ जा रहे वाहन आपस में टकराकर क्षतिग्रस्त हो गए।

गाजियाबाद के मसूरी क्षेत्रांतर्गत एनएच-नौ पर गाजियाबाद की ओर से हापुड़ की तरफ जा रहे कई वाहन आपस में टकराकर क्षतिग्रस्त हो गए। इससे बड़ा हादसा होने से बच गया। वाहनों के टकराने से एनएच नौ व मसूरी सर्विस रोड पर जाम की स्थिति बन गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन मंगाकर क्षतिग्रस्त वाहनों को साइड कराकर जाम खुलवाया। वाहनों के टकराने से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

मसूरी क्षेत्रांतर्गत एनएच-नौ स्थित डासना भूडगढ़ी रजबहे के पास बुधवार दोपहर एक बजे आलोक कुमार अपने परिवार के साथ होली मनाने आई-10 द्वारा पानीपत हरियाणा से चन्दौसी संभल जा रहे थे, तभी इन्होंने किसी गाड़ी को बचाने के लिए जैसे ही ब्रेक लगाए वैसे ही इनके पीछे चल रही नई बिना नंबर की ग्रैंड विटारा, जिसको दिल्ली पुलिस के सब-इंस्पेक्टर संदीप सिंह चला रहे थे। उनकी ग्रैंड विटारा पीछे से आई-10 में जा घुसी। उनके पीछे अर्टिगा चालक रईस अहमद निवासी सहसपुर बिजनौर जो नोएडा से लेबर लेकर जा रहा थे, वह ग्रैंड विटारा में जा घुसा। सबसे पीछे कैंटर जा रहा था, जिसे चालक ओमपाल निवासी बदायूं चला रहा था। कैंटर अनियंत्रित होकर अर्टिगा में टकरा गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यह दुर्घटना अचानक ब्रेक लगाने के कारण हुई, जिसमें पीछे आ रहीं गाड़ियां एक-दूसरे से टकरा गईं। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई, केवल कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं

# महामूर्ख सम्मेलन में कवियों, पत्रकारों, समसेवियों को बनाया गया महामूर्ख

एनपीटी ब्यूरो




बरेली।ऑल इंडिया कल्चरल एसोसिएशन एवं जिला समारोह समिति ने उपजा प्रेस क्लब में महामूर्ख सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें नगर के साहित्यकार, पत्रकार, समाज सेवी एवं कवियों को विभिन्न उपाधियों से नवाजा गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ राघवेंद्र शर्मा रहे, बिशिष्ट अतिथि डॉ पवन सक्सेना रहे।

इस अवसर पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव शर्मा टीटू ने कहा कि हर वर्ष की भांति स्वर्गीय जे. सी.पालीवाल जी द्वारा राष्ट्रीय पर्वों आयोजित किये जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन उनके द्वारा दिखाये गए राह पर ही किये जायेंगे।संस्था के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद घिल्डियाल ने बताया कि सभी कार्यकताओं को उत्साह से भागीदारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।महासचिव सुनील धवन ने संस्था की नियमावली सदस्यों को बताई।मीडिया प्रभारी देवेन्द्र रावत ने कहा कि इस वर्ष भव्य आयोजन किया जायेगा।संयुक्त सचिव संजय मठ ने कहा कि समस्त टीमों से पत्राचार किया जा रहा है।इस अवसर पर लोटा मुरादाबादी, प्रकाश निर्मल, पीके दीवाना, रामधनी निर्मल, डॉ. अजय राज शर्मा,पंकज शर्मा,भूपेन्द्र वर्मा, राजीव शर्मा,पवन कालरा,नरेश प्रसाद विश्वकर्मा,नाहिद बेग,अमित आनंद,डॉ. मनोज कुमार मिश्रा,राजीव लोचन,अमित कक्कड़,दिलशाद,प्रदीप मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

बैठक हुई सम्पन्न

गेहूँ खरीद तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक हुई सम्पन्न

# 17 मार्च से 131 क्रय केंद्रों पर शुरू होगी गेहूँ खरीद किसानों के साथ क्रय केन्द्रों पर अच्छा व्यवहार करें केन्द्र प्रभारी-जिलाधिकारी

एनपीटी ब्यूरो




बरेली । जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में गेहूँ खरीद की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि शासन के निदेर्शों के क्रम में गेहूँ खरीद 17 मार्च से प्रारम्भ होगी, जिस हेतु 131 गेहूँ क्रय केन्द्रों का अनुमोदन किया जा चुका है, जिसमें खाद्य विभाग के 30, पी०सी०एफ० के 36, यू०पी०एस० एस० के 32, पी०सी०यू० के 17, नैफेड के 04, मण्डी परिषद के 01 एवं भा०खा०नि० के 11 क्रय केन्द्र है। जनपद में किसानों का पंजीकरण प्रारम्भ है तथा अभी तक 9902 किसानों का पंजीकरण कराया जा चुका है। खरीद हेतु आवश्यक उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता है, जिन्हें क्रय केन्द्रों को वितरित किया जा चुका है। जनपद में 2376 गांठ बोरे उपलब्ध है, इस वर्ष समर्थन मूल्य 2425 रुपए निर्धारित है जो गत वर्ष से 150 रुपए अधिक है। गत वर्ष अभी तक 4238 पंजीकरण हुए थे जबकि इस वर्ष 9902 पंजीकरण हो चुके है। किसान भाई बिण्नचण्हवअण्पद पर गेहूँ विक्रय हेतु पंजीकरण करा सकते हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने जानकारी ली कि केंद्र के स्थान पर मार्केट में गेहूं जाने के क्या कारण है, जिस पर ज्ञात हुआ कि कहीं ना कहीं केंद्र प्रभारियों का व्यवहार सही नहीं है, पंजीकरण में भी समस्या है और भुगतान में भी यदा-कदा समस्या आती है, जिस पर निर्देश दिए गए कि केन्द्र प्रभारियों की बैठक कर उन्हें व्यवहार में सुधार करने हेतु निर्देशित करें अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्यवाही की जाएगी यह भी उन्हें बताएं। इसके साथ ही समस्त खरीद एजेंसियों को एक सप्ताह में किसानों का पंजीकरण बढ़ाने व अप्रैल के पहले सप्ताह तक 50 मिट्रिक टन की खरीद प्रत्येक केंद्र पर सुनिश्चित कराए जाने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में विगत वर्ष के किसानों के लंबित भुगतान के कारणों की भी चर्चा की गयी, खरीद एजेंसियों द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त किसानों का बैंक खाता इनवैलिड बताता है, जिस कारण भुगतान नहीं हो पाया है। जिस पर निर्देश दिए गए कि ऐसे किसानों का दूसरा खाता खुलवा कर नये अकाउंट को सिस्टम पर अपडेट करते हुए भुगतान कराया जाए। इसके साथ ही इस वर्ष जो 6 केन्द्र हटाए गए उसके कारणों पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए गए, जिससे किसानों को असुविधा न हो।

बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, जिला खाद्य विपणन अधिकारी कमलेश पांडेय, जिला कृषि अधिकारी, एआर कोऑपरेटिव सहित समस्त सम्बंधित अधिकारी व निरीक्षकगण उपस्थित रहे।


होली
की शुभकामनाएं
हमारे यहां पर टीवीएस की सभी गाड़िये उपलब्ध है एक बार सेवा का मौका जरूर दें पता दिल्ली रोड। कांधला शामली
संदीप टीवीएस ऐजसी कांधला


समाजवादी पार्टी
सभी देशवासियों को
होली
की
हार्दिक
शुभकामनायें
अभिषेक गर्ग
वरिष्ठ नेता, समाजवादी पार्टी (गाजियाबाद)


HAPPY
HOLI
FESTIVAL OF COLORS
समस्त देशवासियों को
होली
के
पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।
रंग-उमंग, एकता और सद्भावना का यह महापर्व आप सभी के जीवन में सुख, शांति और सौभाग्य लाए।
विनोद (वैशाली)
चेयरमैन नगर पालिका परिषद (मोदीनगर)


नगर पंचायत-शाहबाद जनपद रामपुर समस्त नगरवासियों को होली एवं पवित्र माह रमजान की शुभकामनायें देते हुये निम्नलिखित अपील करती है।
1. अपने नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सहयोग प्रदान करे।
2 पॉलीथीन का प्रयोग न करे। इसके स्थान पर कपड़े के थैले का प्रयोग करे।
3. समस्त व्यापारी अपनी दुकानो एवं प्रतिष्ठानो के बाहर अतिक्रमण न होने दे एवं नोटिस बोर्ड चस्पा करे कि उनकी दुकान पर पालीथीन का प्रयोग नही होता है।
4. सदैव शौचालय का प्रयोग करे, खुले मे मल-मूत्र त्याग करने से भयंकर बीमारियों को पैदा करता है अतः खुले में शौच न करे।
5. कूड़ा-करकट खुले में न डालकर सदैव डस्टबिन का प्रयोग करें। गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग कूड़ेदान में डाले हरे कूड़ेदान में गीला एवं नीले कूड़ेदान मे सूखा कूड़ा डाले।
6. समस्त व्यापारी अपनी दुकानो का किराया समय से जमा करे।
7. जलकर व गृहकर का समय से भुगतान करे।
8. जल बहुमूल्य है इसके बर्बाद न करे।
वसीम खां अध्यक्ष प्रतिनिधि
नगर पंचायत अध्यक्ष बुलबुल नाज,
नगर पंचायत शाहबाद, रामपुर उत्तर प्रदेश
पुष्पेंद्र सिंह राठौड़
अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत
शाहबाद रामपुर उत्तर प्रदेश

## संपादकीय

# हिंसक तत्वों के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई

अलगाववादियों के एजेंडे को लेकर पश्चिमी देशों की सरकारों के प्रश्रय से मुखर हुए कुछ अराजक तत्वों द्वारा अमेरिका में कैलिफोर्निया स्थित स्वामी नारायण मंदिर पर हमला करना दुर्भाग्यपूर्ण ही है। वहां आपत्तिजनक संदेश लिखकर मंदिर को क्षति पहुंचायी गई। इससे पहले भी आतंक फैलाने की मंशा से मंदिरों पर हमले होते रहे हैं। जाहिर है ऐसे आपराधिक तत्वों की मंशा आतंक फैलाना ही है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस तरह की कुत्सित कोशिशों की निंदा की है, लेकिन अमेरिकी सरकार द्वारा ऐसे मामलों की अनदेखी और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई न करना दुर्भाग्यपूर्ण ही है। दरअसल, पृथकतावादी तत्व हिंदुओं के खिलाफ विष वमन करके अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं। भारतीय संस्कृति के अंग-संग रहने वाले समाज को विभाजित कर-के घृणा का कारोबार करने वाले तत्वों को बेनकाब करने की जरूरत है। विडंबना यह है कि अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा में सक्रिय ऐसे तत्वों को इन देशों की सरकारों द्वारा अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर प्रश्रय दिया जाता है। सवाल यह उठता है कि जब ऐसी आजादी किसी सभ्य समाज के अहसासों से खिलवाड़ करे और दूसरों की धार्मिक आजादी का अतिक्रमण करने लगे तो क्या उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करनी चाहिए? दरअसल,ये घटनाक्रम इन देशों के दोगले मापदंड उजागर करते हैं। दूसरे देशों में सांप्रदायिक असहिष्णुता और कथित भेदभाव के आंकड़े जारी करके दबाव बनाने वाले तथाकथित सभ्य देश अपने क्रियाकलापों से बेनकाब हो रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका में करीब एक दर्जन मंदिरों को अपवित्र करने की कुत्सित कोशिश हुई, लेकिन ऐसे तत्वों के खिलाफ दिखावे के लिये भी कार्रवाई नहीं की गई। किसी हमले की जांच भी नहीं हुई। जबकि प्रत्येक संप्रदाय की धार्मिक आजादी की रक्षा करना अमेरिकी सरकार का नैतिक दायित्व है। आखिर मंदिरों को सुरक्षा क्यों नहीं मुहैया करायी जाती। बीते साल भी कनाडा में हिंदू महासभा के मंदिर में हमला कर-के बच्चों व महिलाओं तक को पीटा गया था। लेकिन ट्रूडो सरकार खामोश रही। विडंबना यह है कि अमेरिका,ब्रिटेन व कनाडा की सरकारें ऐसे हमलों व मंदिरों को अपवित्र करने की घटनाओं को अभिव्यक्ति की आजादी के दायरे में रखकर आंखें मूंद लेती हैं। लेकिन जब दूसरे देशों में उनके धर्म के लोगों के पूजा स्थलों पर हमले होते हैं तो उसे धार्मिक आजादी व मानवाधिकारों का संकट बताने लगते हैं। निश्चित रूप से ऐसे ही रवैये से भारत के साथ इन देशों के संबंधों में खटास ही आएगी। ऐसे ही अलगाववादियों के कृत्यों व कनाडा सरकार के अलगाववादियों को संरक्षण देने के चलते ही दोनों देशों के संबंध सबसे खराब दौर में पहुंचे हैं। पिछले साल हिंदू महासभा के मंदिर परिसर में मंदिर प्रशासन व भारतीय उच्चायोग द्वारा लगाए गए वीजा शिविर को निशाना बनाया गया था। अभी हाल ही में ब्रिटेन में विदेश मंत्री जयशंकर के काफिले को खालिस्तान समर्थकों ने निशाना बनाया था। इससे पहले दो वर्ष पूर्व भी पृथकतावादियों ने भारतीय उच्चायोग परिसर में घुसकर तिरंगा निकाल दिया था। तब भी भारत सरकार ने ब्रिटेन की सरकार से कड़ा प्रतिवाद किया था। लेकिन हाल ही में विदेशमंत्री के काफिले को निशाना बनाया जाना बताता है कि ब्रिटिश सरकार की उदासीनता से अलगाववादियों के हौसले बुलंद ही हुए हैं। यहां सवाल ब्रिटिश सरकार पर भी उठता है कि वह विदेशी राजनयिकों को सुरक्षा देने में नाकाम है। इसके अलावा भारत सरकार लगातार अलगाववादियों पर अंकुश लगाने को कहती रहती है। हाल ही में ब्रिटिश गृह मंत्रालय की रिपोर्ट में ऐसे अतिवादियों के उभार को ब्रिटिश कानून व्यवस्था के लिये खतरा बताया गया था। लेकिन इसके बावजूद ऐसे मामलों की अनदेखी की जा रही है। निश्चित तौर पर छोटी घटनाओं को नजरअंदाज करने से कालांतर बड़ी हिंसक गतिविधियों को ही प्रश्रय मिलता है। यह भी सवाल उठना स्वाभाविक है कि विदेश मंत्री के सामने नारेबाजी कर रहे ऐसे तत्व सुरक्षा घेरे को तोड़कर कैसे विदेशमंत्री की कार के करीब तक पहुंच गए। घटना से स्पष्ट है कि उच्च स्तर पर सुरक्षा में चूक का मामला है। जिसके लिए लंदन पुलिस की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। निश्चित रूप से पश्चिमी देशों की सरकारों को अभिव्यक्ति की आजादी की सीमा व गरिमा तय करनी होगी।

# होली पर सच्चाई के रंग भरे और सब एक हो जायें

**होली के साथ यदि पवित्रता की विरासत का जुड़ाव होता है तो इस पर्व की महत्ता शतगुणित हो जाती है। प्रश्न है कि प्रसन्नता का यह आलम जो होली के दिनों में जुनून बन जाता है, कितना स्थायी है? डफली की धुन एवं डांडिया रास की झंकार में मदमस्त मानसिकता ने होली जैसे त्योहार की उपादेयता को मात्र इसी दायरे तक सीमित कर दिया, जिसे तात्कालिक खुशी कह सकते हैं, जबकि अपेक्षा है कि रंगों की इस परम्परा को दीर्घजीविता प्रदान की जाए। स्नेह और सम्मान का, प्यार और मुहब्बत का, मैत्री और समरसता का ऐसा शमां बांधना चाहिए कि जिसकी बिसात पर मानव कुछ नया भी करने को प्रेरित हो सके। होली का त्योहार असत्य पर सत्य की विजय और दुराचार पर सदाचार की विजय का प्रतीक है।**

होली एक ऐसा त्योहार है, जिसका धार्मिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक-आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यताओं की रोशनी में होली के त्योहार का विराट् समायोजन बदलते परिवेश में विविधताओं का संगम बन गया है, दुनिया को जोड़ने का माध्यम बन गया है। हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है कि यहाँ पर मनाये जाने वाले सभी त्यौहार समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। वस्तुतः होली आनंदोल्लास का पर्व है। होली प्रेम, आपसी सद्भाव और मस्ती के रंगों में सराबोर हो जाने का अनूठा त्यौहार है। यद्यपि आज के समय की गहमागहमी, मेरे-तेरे की भावना, भागदौड़ से होली की परम्परा धुंधली हो रही है। परिस्थितियों के थपेड़ों ने होली की खुशी को प्रभावित भी किया है, फिर भी जिन्दगी जब मस्ती एवं खुशी को स्वयं में समेटकर प्रस्तुति का बहाना मांगती है तक प्रकृति हमें होली जैसा रंगारंग त्योहार देती है। होली ही एक ऐसा त्योहार है, जिसके लिये मन ही नहीं, माहौल भी तत्पर रहता है। इस त्योहार की गौरवमय परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए हम एक सचेतन माहौल बनाएं, जहां हम सब एक हो और मन की गन्दी परतों को उतार फेंके ताकि अविभक्त मन के आईने में प्रतिबिम्बित सभी चेहरे हमें अपने लगें। प्रदूषित माहौल के बावजूद जीवन के सारे रंग फीके न पड़ पाए।

एक तरह से देखा जाए तो यह उत्सव प्रसन्नता को मिल-बांटने का एक अपूर्व अवसर होता है। होली की सबसे बड़ी विशेषता है कि इसको मनाते हुए हम समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। इस त्योहार को मनाने के पीछे की भावना है मानवीय गरिमा को समृद्धि प्रदान करना,



जीवनमूल्यों की पहचान को नया आयाम प्रदत्त करना। हम कितने भोले हैं कि अपनी संस्कृति एवं आदर्श परम्पराओं को हमीं मिटा रहे हैं। स्वयं अपना घर जला कर स्वयं तमाशा बन रहे हैं। आखिर हमीं तो वे लोग हैं जिन्होंने देश की पवित्र जमीं के नीचे हिंसा, अन्याय, शोषण, आतंक, असुरक्षा, अपहरण, भ्रष्टाचार, अराजकता, अत्याचार जैसे घिनौने तत्वों की गहरी और लम्बी सुरंगें बिछाकर उन पर अपने स्वार्थों का बारूद फैला दिया बिना कोई परिणाम सोचे, बिना भविष्य की संभावनाओं को देखे। इन अंधेरों एवं जटिल हालातों के बीच होली जैसे त्योहार हमारी रोशनी की इंजतार एवं उजालों की कामना को पूरा करने के लिये हमें तत्पर करते हैं।

होली के साथ यदि पवित्रता की विरासत का जुड़ाव होता है तो इस पर्व की महत्ता शतगुणित हो जाती है। प्रश्न है कि प्रसन्नता का यह आलम जो होली के दिनों में जुनून बन जाता है, कितना स्थायी है? डफली की धुन एवं डांडिया रास की झंकार में मदमस्त मानसिकता ने होली जैसे त्योहार की उपादेयता को मात्र इसी दायरे तक सीमित कर दिया, जिसे तात्कालिक खुशी कह सकते हैं, जबकि अपेक्षा है कि रंगों की इस परम्परा को दीर्घजीविता प्रदान की जाए। स्नेह और सम्मान का, प्यार और मुहब्बत का, मैत्री और समरसता का ऐसा शमां बांधना चाहिए कि जिसकी बिसात पर मानव कुछ नया भी करने को प्रेरित हो सके। होली का त्योहार ह्यअसत्य पर सत्य की विजयह्ल और दुराचार पर सदाचार की विजय का प्रतीक है। इस प्रकार होली का पर्व सत्य, न्याय, भक्ति और विश्वास की विजय तथा अन्याय, पाप तथा राक्षसी वृत्तियों के विनाश का भी प्रतीक है। फाल्गुन मास और होली की परम्पराएँ श्रीकृष्ण की लीलाओं से सम्बद्ध हैं और भक्त हृदय में विशेष महत्व रखती हैं। श्रीकृष्ण की भक्ति में सराबोर होकर होली का रंगभरा और रंगीनीभरा त्यौहार मनाना एक विलक्षण अनुभव है। होली जैसे त्यौहार में जब अमीर-गरीब, छोटे-बड़े, ब्राह्मण-शूद्र आदि सब का भेद मिट जाता है, तब ऐसी भावना करनी चाहिए कि होली की अग्नि में हमारी समस्त पीड़ाएँ, दुःख, चिंताएँ, द्वेष-भाव आदि जल जाएँ तथा जीवन में प्रसन्नता, हर्षोल्लास तथा आनंद का रंग बिखर जाए। होली का कोई-न-कोई संकल्प हो और यह संकल्प हो सकता है कि हम स्वयं शांतिपूर्ण जीवन जीये और सभी के लिय बदलती युग-सोच एवं जीवनशैली से होली त्यौहार के रंग भले ही फीके पड़े हैं या मेरे-तेरे की भावना, भागदौड़, स्वार्थ एवं संकीर्णता से होली की परम्परा में धुंधलका आया है। इस त्योहार की गौरवमय परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए हम एक उन्नत आत्म उन्नयन एवं सौहार्द का माहौल बनाएं, जहां हमारी संस्कृति एवं जीवन के रंग खिलखिलाते हुए देश ही नहीं, दुनिया में अहिंसा, प्रेम, भाई-चारे, साम्प्रदायिक सौहार्द के रंग बिखेरे। पर्यावरण के प्रति उपेक्षा एवं प्रदूषित माहौल के बावजूद जीवन के सारे रंग फीके न पड़ पाए।

होली रंगों का निराला एवं अनूठा पर्व है और हमारा जीवन ढेर सारे रंगों का एक पिटारा है। यहां हर रंग जुदा है तो दूसरों से मिला हुआ भी। एक रंग, दूसरे से मिलकर तेजी से नया ही रंग-रूप धर लेता है। किसी एक पर अटके रहकर काम चल ही नहीं सकता। यही जीवन लीला है। पर क्या दूसरों के रंगों को अपने में समा लेना आसान होता है? रंगों को कोई तो कैनवस चाहिए ही ना! संकल्प हो तो कितने रंग खिल सकते हैं? सच यह है कि ना ही दूसरों को अपना बनाना आसान है और ना ही दूसरों का होकर रह पाना। जीवन को हर रंग में जीने और स्वीकारने की कला सबको नहीं आती। उसके लिए जरूरत होती है, एक मस्तमौला नजरिए की। समुद्र से मिलने को तत्पर, मीलों बहती रहने वाली नदी की ऊर्जा का। ऊर्जा और आनंद के इसी मेल का प्रतीक है होली का त्यौहार, जो लगातार बदलते रहने के बावजूद बना रहता है, ध्रुव है, सत्य है। जितने रंग प्रकृति के हैं, उतने ही हमारे हैं और प्रकृति हर पल रंग बदलती है। पुरानी पत्तियां शाख छोड़ती नहीं हैं कि नई खिलनी शुरू हो जाती हैं। पतझड़ और बसंत साथ ही चलते रहते हैं। धरती के भीतर के घुप अंधेरों को चीर कर बाहर निकला बीज, फूल, शाख, पत्तियां और फल के रंग धर लेता है। उगने, डूबने, खिलने, फैलने, मिलने, सूखने, झड़ने, चढ़ने, उतरने और खत्म होने का हर रंग प्रकृति में है और है होली के मनभावन पर्व में। पर प्रकृति हो या होली इनसे उदासीन हम, कुछ ही रंगों में सिमट जाते हैं। गिले-शिकवों, उदासी, तेरे-मेरे, क्रोध और कुंठा में ही अटक जाते हैं। नतीजा, जिंदगी में तनाव और उदासी घिरने लगती है।

हम भी भविष्य की अनगिनत संभावनाओं को साथ लिए आओ फिर से जीवन में सच्चाई का रंग भरने का प्राणवान संकल्प करें। होली के लिए माहौल भी चाहिए और मन भी चाहिए, ऐसा मन जहाँ हम सब एक हों और मन की गंदी परतों को उखाड़ फेकें ताकि अविभक्त मन के आइने में प्रतिबिम्बित सभी चेहरे हमें अपने लगें। कलाकार एमी ग्रेंट के अनुसार, काला रंग गहराई देता है। इसे मिलाए बिना किसी वास्तविकता को रचा नहीं जा सकता। जीवन में सुख-दुख दोनों हैं। दोनों एक-दूसरे में बदलते रहते हैं। हमें सुख अच्छा लगता है और दुख में हम घबरा उठते हैं।

सारी कोशिशें ही दुखों से बचने की होती हैं। होली का अवसर भी सारे दुःखों को भूलकर स्वयं से स्वयं के साक्षात्कार का अवसर है, राग-रंग से परे होकर स्वयं को रंगना एवं दूसरों को रंग लगाना ही होली है, होली न सिर्फ बाहर से बल्कि भीतर से रंग जाने, आध्यात्मिक एवं पवित्र हो जाने की सीख है, होली दिलों से जुड़ी भावनाओं का पर्व है। यह मन और मस्तिष्क को परिष्कृत करने का अनुष्ठान है।

# चेतावनी से न चूकें तो टाली जा सकती है

एनडीएमए ने 27 और 28 फरवरी को जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल, उत्तराखंड आदि कुछ क्षेत्रों के लिये यलो व रेड एलर्ट के रूप में चेतावनी जारी की थी। चमोली जिले के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिये भी रेड एलर्ट था, जिसे गंभीरता से नहीं लिया गया।

उत्तराखंड के सीमान्त क्षेत्र माणा के निकट गत दिनों सीमा सड़क संगठन के 54 मजदूर एक विशाल हिमस्खलन की चपेट में आ गये जिनमें से 8 की दुखद मौत हो गयी। इससे पहले 2021 के अप्रैल महीने में सीमान्त नीती घाटी के सुमना-मलारी क्षेत्र में एक हिमस्खलन हादसे में बीआरओ के एक दर्जन से अधिक मजदूरों की मौत हो गयी थी। उसी साल 7 फरवरी को हुए हिमस्खलन से बर्फीली झील टूटने से धौली गंगा और ऋषि गंगा में बाढ़ आ गयी थी। जिससे ऋषि गंगा तथा धौलीगंगा के पावर प्रोजेक्टों के तबाह होने के साथ ही 200 से अधिक श्रमिक मरे थे।

सीमान्त जिले उत्तरकाशी के द्रोपदी डांडा में 2022 में हुए हिमस्खलन हादसे में लगभग 27 पर्वतारोहण प्रशिक्षुओं सहित सविता कौंसवाल जैसी पर्वतारोहियों की मौत हो गयी थी। वर्ष 2013 की केदारनाथ आपदा का असली कारण भी चोराबाड़ी झील का हिमस्खलन से फटना ही था। चूंकि पश्चिमी हिमालय का क्षेत्र तिब्बत सीमा से लगा है, जो कि सामरिक दृष्टि से अति संवेदनशील है, इसलिये यहां सेना तथा अर्धसैन्य बलों की बारहों महीने तैनाती रहती है। इसलिये हमारे जांबाजों को हरदम हिमस्खलन के खतरे से दो-चार होना पड़ता है। लेकिन इतने गंभीर खतरे के बावजूद हमारी व्यवस्था पूरी तरह चौकस नहीं है।

पश्चिमी हिमालय के इस अति संवेदनशील क्षेत्र के अध्ययन और पूर्व चेतावनियों के लिये रक्षा अनुसंधान एवं विकास द्वारा चंडीगढ़ में स्नो एण्ड एवलांच स्टडी स्टैब्लिस्मेंट (एसएएसई) स्थापित किया गया है। इसके अलावा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) की भी स्थापना की गयी है। जो कि



मौसम विभाग और एसएएसई से प्राप्त इनपुट के आधार पर हिमालयी क्षेत्रों में हिमस्खलन और चरम मौसम की चेतावनी निरन्तर देता रहता है। ऐसी ही एक चेतावनी एनडीएमए ने 27 और 28 फरवरी को जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड और सिक्किम के कुछ क्षेत्रों के लिये यलो और रेड एलर्ट के रूप में जारी की थी। हादसे के दिन के लिये दी गयी चेतावनी में चमोली जिले के 2400 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिये रेड एलर्ट जारी किया गया था, जिसे पूरी तरह नजरंदाज कर दिया गया और 54 मजदूरों की कोई खैर खबर नहीं ली गयी। पिछले सारे हादसों में मानवीय चूक और गंभीर लापरवाही साफ नजर आती है।

दरअसल, पश्चिमी भारतीय हिमालय में हिमस्खलनों की घटनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जहां बढ़ते तापमान के कारण हिम आवरण की स्थिरता प्रभावित हो रही है। बढ़ते तापमान, अधिक वर्षा और कम हिमपात के कारण हिमालय में बर्फ की प्रकृति बदल रही है। हिमालय में पृथ्वी के दो ध्रुवों के बाद तीसरा सबसे बड़ा बर्फ और ग्लेशियर का भंडार मौजूद है। लेकिन यह क्षेत्र वैश्विक औसत से अधिक तेजी से गर्म हो रहा है, जिससे सवाल उठता है कि जलवायु परिवर्तन, जिसमें हिमरेखा का पीछे हटना और ग्लेशियरों का पिघलना शामिल है, पूरे 2,500 किलोमीटर लंबे हिमालयी क्षेत्र में हिमस्खलनों की आवृत्ति और उनकी विनाशकारी क्षमता को कैसे प्रभावित करेगा।

वैज्ञानिकों ने पाया है कि हिंदूकुश हिमालय में तापमान और वर्षा के पैटर्न पिछले 100 वर्षों में काफी बदल गए हैं। हिमालय का यह क्षेत्र स्वाभाविक रूप से हिमस्खलन-प्रवण है, लेकिन बढ़ते तापमान से बर्फ की परत (हिम आवरण) की संरचना बदल रही है, जिससे ढलान अस्थिर हो रहे हैं।

दरअसल, हिमस्खलन तब शुरू होता है जब किसी पहाड़ी ढलान पर जमी हुई बर्फ की परत अस्थिर हो जाती है। अर्थात जब उस पर पड़ने वाला दबाव उसकी संरचनात्मक मजबूती से अधिक हो जाता है। बर्फ की परत की संरचनात्मक मजबूती एक गतिशील गुण है, जो उसकी संरचनात्मक ज्यामिति पर निर्भर करता है। जैसे कि बर्फ के कणों का आकार, आकार-प्रकार और उनके बीच का आपसी बंधन।

दुनियाभर में बर्फ भौतिकी और यांत्रिकी के क्षेत्र में गहन शोध किया गया है और बर्फ की परत की मजबूती की प्रक्रिया को अच्छी तरह से समझा जा चुका है। यह ज्ञान हिमस्खलन की भविष्यवाणी करने के क्षेत्र में कार्यरत विशेषज्ञों द्वारा व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। एक हिमस्खलन पूवार्नुमानकर्ता मूल रूप से बर्फ की संरचनात्मक मजबूती का आकलन करता है और फिर मौजूदा तथा संभावित अतिरिक्त दबावों के आधार पर हिमस्खलन की संभावना का निर्धारण करता है। अतिरिक्त दबाव का सबसे सामान्य प्राकृतिक स्रोत नई बर्फबारी या हवा द्वारा जमा की गई बर्फ होती है। वर्षों के अनुभव के आधार पर अब हिमस्खलनों की सटीक भविष्यवाणी करना संभव हो गया है, लेकिन फिर भी कुछ अप्रत्याशित घटनाएं होती हैं, जो यह संकेत देती हैं कि कुछ अज्ञात प्रकार के दबाव भी होते हैं।

विशेषज्ञ कहते हैं कि हिमालय में संभावित हिमस्खलन-प्रवण क्षेत्रों की पहचान और बुनियादी ढांचे के विकास से पहले जोखिम मूल्यांकन करना महत्वपूर्ण है। इसलिये हिमालय में हिमस्खलनों के खतरों को नियंत्रित करने के लिए कैच डैम तैयार कर, मिट्टी के टीले बना व पेड़ लगाकर समतल ढलानों पर हिमस्खलनों को धीमा किया जा सकता है। सबसे सुरक्षित उपाय सतर्कता और सावधानी है।

# बड़ौत में होली की धूमः चाइनीज पिचकारी और अबीर-गुलाल की जबरदस्त मांग

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बड़ौत/बागपत-बड़ौत के बाजारों में होली का रंग चढ़ चुका है। हर तरफ रंग-बिरंगे गुलाल, तरह-तरह की पिचकारियां और होली के अन्य सामान की बिक्री जोरों पर है। इस बार चाइनीज पिचकारियों और खास किस्म के अबीर-गुलाल की जबरदस्त मांग देखने को मिल रही है।



**दुकानदारों ने बताया— चाइनीज पिचकारियों की भारी मांग**

बड़ौत के प्रमुख बाजारों में होली से जुड़े सामानों की खरीदारी तेज हो गई है। स्थानीय दुकानदार अनिल महादेव के अनुसार, इस साल बाजार में चाइनीज पिचकारियों की मांग जबरदस्त है। बच्चों से लेकर युवाओं तक, सभी इन पिचकारियों को खरीदने के लिए उत्साहित नजर आ रहे हैं। अनिल महादेव ने बताया–

इस बार बाजार में कई नए डिजाइन की पिचकारियां आई हैं, जो दिखने में आकर्षक होने के साथ-साथ टिकाऊ भी हैं। इनमें टैंक पिचकारी, गन स्टाइल पिचकारी और मोटराइज्ड पिचकारियां सबसे ज्यादा बिक रही हैं।

अबीर-गुलाल की भी खूब बिक्री

होली के रंगों में अबीर-गुलाल का विशेष महत्व होता है। अनिल महादेव के अनुसार, इस साल खास तौर पर हर्बल गुलाल की मांग बढ़ी है। लोग अब कैमिकल वाले रंगों की बजाय प्राकृतिक रंगों को प्राथमिकता दे रहे हैं। बाजार में गुलाब, केवड़ा, चंदन और अन्य सुगंधित गुलाल भी उपलब्ध हैं, जिन्हें लोग काफी पसंद कर रहे हैं।

**बाजारों में रौनक, दुकानदारों को अच्छी बिक्री की उम्मीद**

होली के त्यौहार के मद्देनजर बड़ौत के बाजारों में जबरदस्त रौनक देखी जा रही है। लोग न केवल रंग-गुलाल और पिचकारियों की खरीदारी कर रहे हैं, बल्कि मिठाइयों और गुझिया जैसे पारंपरिक पकवानों की भी जमकर खरीदारी हो रही है। दुकानदारों को उम्मीद है कि जैसे-जैसे होली नजदीक आएगी, बिक्री और ज्यादा बढ़ेगी।

# मथुरा से दिल्ली रूट पर चलाई गईं 22 स्पेशल बसें, नहीं होगी परेशानी

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



मथुरा। होली के त्योहार को देखते हुए रोडवेज डिपो ने 22 स्पेशल बसें चलाई हैं, ताकि यात्रियों को आने-जाने में कोई दिक्कत न हो। रोडवेज डिपो के अधिकारियों ने बताया कि होली पर सवारियों की तादाद बढ़ने की संभावना को देखते हुए डिपो ने 18 मार्च तक बसों के विशेष संचालन की रूपरेखा तैयार की है। वहीं डिपो के चालक, परिचालक व अन्य कर्मियों के लिए प्रोत्साहन स्कीम भी लागू की है। लगातार ड्यूटी व ज्यादा से ज्यादा सफर तय करने के आधार पर कर्मियों को नकद इनाम भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोडवेज डिपो से 154 बसों का संचालन किया जाता है। उन्होंने बताया कि होली पर 22 बसें केवल दिल्ली रूट पर चलाई जा रही हैं। वहीं अन्य रूटों पर यह संख्या सवारियों के आधार पर की गई है। रास्ते में स्टॉप के अलावा भी सवारी नजर आने पर बस को किनारे खड़ा कर उन्हें बैठाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, प्रोत्साहन स्कीम के तहत 18 मार्च तक रोजाना ड्यूटी करने पर 350 रुपये रोजाना के हिसाब से कुल 3500 रुपये संबंधित कर्मी को अतिरिक्त दिए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि चालक-परिचालक को मानक से ज्यादा दूरी तय करने पर अतिरिक्त मानदेय दिया जाएगा। कार्यवाहक एआरएम संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया कि प्रोत्साहन स्कीम के जरिए होली पर 18 मार्च तक बसों का विशेष संचालन कराया जाएगा। यात्रियों को परेशानी न हो इसे लेकर विशेष सावधानी बरती जाएगी।

## तीन दिन बाद रामगंगा में उतराता मिला शव

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। नगर के मंगोली का रहने वाला उन्नीस वर्षीय युवक अरुण का शव तीसरे दिन बाद बुधवार को पानी में उतराता मिला। जिसके बाद शव को पानी से बाहर निकालकर उसकी शिनाख्त की गई।बताते चले कि मंगोली निवासी अरुण सोमवार को गांव के रामौतार की अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए रामगंगा घाट पर गया था। अंत्येष्टि के बाद अरुण कुछ युवकों के साथ नदी में नहाने के लिए उतर गया। एक एक कर सभी युवक पानी से बाहर आ गए लेकिन अरुण पानी के लापता हो गया। गांव के लोगों ने प्रशासन को सूचना दी। प्रशासन ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक को तलाश करने की कोशिश की लेकिन पूरा दिन बीतने के बाद भी युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका। प्रशासन ने मंगलवार को बरेली एनडीआरएफ को बुलाया। टीम ने बोट के सहारे अरुण को पूरे दिन पानी खोजा लेकिन उसका कुछ अता पता नहीं चल सका। बुधवार को अचानक युवक का शव पानी में उतराता हुए दिखाई दिया। शव को पानी से बाहर निकालकर उसकी शिनाख्त के बाद परिजनों सौंप दिया गया। इस मौके कर तहसीलदार राकेश चंद्रा, नायब तहसीलदार हरीश जोशी सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## खनन माफियाओं के हौसले बुलंद ,युवक ने खनन माफिया पर रिपोर्ट दर्ज कराई

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। नगर के मोहल्ला सादात निवासी मोहसिन मियां ने थाने पर तहरीर देकर खनन ठेकेदार के विरुद्ध जान से मारने की धमकी देने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर के अनुसार युवक का आरोप है कि स्वार निवासी खनन ठेकेदार शाहबाद बदायूं आदि में ओवरलोड वाहनों से माल की सप्लाई करता है। वाहनो की गति तेज होती है। जिसको लेकर ठेकेदार से ओवरलोड न भरकर वाहनों की गति धीमी रखने को कहा गया तो उक्त व्यक्ति ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए अभद्र शब्दों का प्रयोग किया।

# संत प्रेमानंद महाराज ने खेली होली, श्रद्धालुओं पर बरसाया गुलाल

मथुरा। वृंदावन में होली पर श्री राधा हित केली कुंज आश्रम में भक्ति और रंगों का अनोखे संगम में हर कोई डूबता हुआ दिखाई दिया। चहुंओर उड़ता हुआ गुलाल और गूंजता राधा नाम वातावरण को पवित्र और हर किसी की दिल में नाम जप की अलख जगा रहा था। संत प्रेमानंद महाराज ने जैसे ही श्रद्धालुओं पर गुलाल डाला तो वह खुशी में झूमने लगे। संत प्रेमानंद महाराज से होली खेलने के रात से उनके आश्रम के बाहर लोगों पहुंचना शुरू कर दिया था। जैसे ही महाराज जी ने रंगों की वर्षा की श्रद्धालुओं ने इसे ईश्वरीय कृपा मानते हुए खुद को धन्य महसूस किया। भक्तों का कहना था कि यह उनके लिए केवल रंगों का उत्सव नहीं था, बल्कि ऐसा लगा मानो उन्होंने स्वयं भगवान से होली खेली हो। महाराज जी ने अपने प्रवचन में प्रेम और भक्ति का संदेश दिया। उन्होंने कहा होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि भक्त और भगवान के प्रेम का उत्सव है। जब हम निष्काम भाव से भक्ति में लीन होते हैं तो स्वयं राधा-कृष्ण हमारे साथ होली खेलते हैं। गुलाल और भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु नृत्य और कीर्तन में लीन हो गए। पूरा वातावरण 'राधे-राधे' और 'बांके बिहारी लाल की जय' के जयकारों से गूंज उठा।



## नगर में निकला फ्लैग मार्च त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएः सीओ हर्षिता सिंह




उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। सीओ हर्षिता सिंह ने तहसीलदार राकेश चंद्रा के साथ नगर में फ्लैग मार्च निकाला। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी गश्त की। होली और जुमें की नमाज को लेकर पुलिस ने मैंन बाजार से होकर बजरंग चौक, बंगाली तिराहा, स्टेट बैंक, बिलारी तिराहा, चंदौसी तिराहा, पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, बिजलीघर होते हुए रामपुर चौराहे तक गश्त की। प्रशासन ने नागरिकों से आपसी सौहार्द बनाए रखने और त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। साथ ही लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत देने को कहा। पुलिस ने ड्रोन से भी नगर की निगरानी की। हालांकि शहर इमाम मुफ्ती सलमान साहब ने एक दिन पहले हुई शांति समिति की बैठक में जुमे की नमाज होली के रंग के बाद दोपहर ढाई बजे पढ़ने का ऐलान किया था। फ्लैग मार्च में इंस्पेक्टर पटवाई मौजूद रहे।

## शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजि ने प्रेस क्लब के लिए ईओ को सौंपा पत्र



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। बुधवार को पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अफताब एवं महासचिव सिफत मियां के नेतृत्व मे संगठन के कार्यालय के लिए नगर पंचायत के ईओ पुष्पेंद्र सिंह राठौर से प्रेस क्लब की मांग को लेकर पत्र सौंपा। इस मौके पर संगठन के संस्थापक अंकित गुप्ता, प्रवक्ता शाहनवाज अली, उपाध्यक्ष शराफत हुसैन मौजूद रहे।

## मथुरा जिला अस्पताल में कुत्ते व बंदर के आक्रमक, बढ़े मरीज



मथुरा। इन दिनों जिला अस्पताल में कुत्तों और बंदरों के काटे के मरीज ज्यादा आ रहे हैं। प्रतिदिन एंटी रेबीज वैक्सीन (एआरवी) लगवाने के लिए 250 के करीब पीड़ित पहुंच रहे हैं। यह स्थिति तब है जब शहर में नगर निगम की ओर से सड़क पर घूमने वाले कुत्तों व बंदरों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिला अस्पताल में बढ़ी संख्या में पीड़ितों के पहुंचने के कारण दोपहर को तीन बजे तक वैक्सीन लगाई जा रही है। सीएमएस डॉ. मुकुंद बंसल के अनुसार कुत्तों व बंदरों के आक्रामक होने के पीछे मौसम जिम्मेदार है। गर्मी बढ़ने से उनमें डिहाइड्रेशन की समस्या हो जाती है। पानी की कमी से परेशान कुत्ते व बंदर गर्मी के दिनों में ज्यादा आक्रामक हो जाते हैं। जैसे-जैसे तापमान बढ़ता जा रहा है, कुत्ते-बंदर और हमलावर होते जा रहे हैं। पालतू कुत्ते भी हमलावर हुए हैं। जबकि एक महीने पहले तक प्रतिदिन 125-130 के लगभग मरीज पहुंच रहे थे। कुत्ता व बंदर अगर हमला कर दे तो घबराएं नहीं। कुत्ते के काटने के बाद घाव को साबुन से अच्छी तरह साफ करें। घाव पर कपड़ा या पट्टी न बांधें। झाड़-फूंक के उपचार से बचें। 24 घंटे के अंदर डॉक्टर को दिखाकर एआरवी लगवाएं।

# आ जाइयो हुरंगा में, तोय होरी कौ मजा चखाय दूंगी



मथुरा। बलदेव के श्रीदाऊजी महाराज मंदिर में हुरंगा देखने के लिए 15 मार्च को जनसैलाब उमड़ेगा। प्रांगण मंदिर में खेलें बलराम कुमार होली की गूंज से गूंजेगा। हुरंगा देखने के लिए देवता भी तरसते हैं। या होरी कूं देखवे कूं ब्रह्मा-विष्णु भी ललचायें। जब गोप स्वरूपों के कपड़े फाड़ कर गोपिका स्वरूप महिलायें प्रेम से भीगों कर नंगे बदन पर कपड़ों के कोड़े बनाकर बरसाती हैं तो माहौल आनंदित करने वाला होता है। ऐसी होली पूरे ब्रज में देखने को नहीं मिलती है। ऐसौ बिरज आनंद भयौ, जो कहौ न जायै। टेसू के रंगों में मंदिर केसरिया सागर बन जाता है। आकाश में सतरंगी छटा बिखेरते टनों गुलाल व फूलों की वर्षा इन्द्रधनुषी वातावरण बना देती है। रसिया व होली के पदों का उच्च स्वर में गुंजायमान होता है। हुरियारे रोजाना समाज गायन में उच्च स्वर में होली के पदों को गा व नाच कर हुरंगा की तैयारी कर रहे हैं। इसमें सुबह-शाम सैकड़ों सेवायत शामिल हो रहे हैं। हुरियारिनें भी रोजाना सुबह बैंड-बाजे की धुन पर पूर्वाभ्यास कर हुरंगा का ऐलान कर रही हैं। आ जाइयो हुरंगा में, तोय होरी कौ मजा चखाय दूंगी। पूर्वाभ्यास परंपरागत लहंगा फरिया में जारी है।

# स्कूटी सवार भाई-बहन को युवकों ने पीटा, घायल

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

मथुरा। गोविंद नगर थाना क्षेत्र में दरेसी अस्पताल के सामने स्कूटी टकराने से युवकों ने स्कूटी सवार छात्र और उसकी बहन को पीट दिया। छात्र ने अपने पिता को जानकारी दी तो वह भी मौके पर पहुंच गए। हमलावरों ने छात्र के पिता के कपड़े फाड़ दिए और उनकी भी पिटाई कर दी। सूचना के बाद भी जब पुलिस नहीं पहुंची तो पीड़ित पिता सड़क पर लेट गए और वाहनों की आवाजाही रोक दी। जाम की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ितों को मेडिकल के लिए भेजा और अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया।



कोतवाली थाना क्षेत्र की भरतपुर गेट पुलिस चौकी के सामने रहने वाले पूरन सिंह ने बताया कि रात को उनका बेटा लव ठाकुर व बेटी काजल राजीव एकेडमी से लौट रहे थे। वह दरेसी अस्पताल के पास पहुंचे ही थे कि बाइक सवार तीन युवकों ने स्कूटी में टक्कर मार दी। विरोध किया तो बेटे के साथ मारपीट की। बचाव करने पर बेटी को भी पीटा। जब वह पहुंचे और मारपीट का कारण जानना चाहा तो युवकों ने उनके भी कपड़े फाड़ दिए और पिटाई की। सूचना देने के काफी देर बाद तक जब पुलिस नहीं पहुंची तो पीड़ित सड़क पर लेट गए। इधर मामला दो अलग–अलग संप्रदाय का होने की भनक लगते ही थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश सिंह फोर्स के साथ पहुंच गए।

पुलिस ने पुलिस ने तीन युवकों को मौके हिरासत में ले लिया। पुलिस ने पूरन सिंह, उनके बेटे लव का मेडिकल कराया। साथ ही पूरन सिंह की तहरीर पर 10 अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। गोविंद नगर थाना प्रभारी कमलेश सिंह ने बताया कि दरेसी रोड निवासी रिजवान, सुल्तान, नदीम को शांतिभंग में पाबंद कर दिया। इसके साथ अन्य हमलावरों की तलाश की जा रही है।

# बिजली-पानी न आए तो हेल्पलाइन नंबर मिलाएं

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

गाजियाबाद। होली पर शुक्रवार को लोगों को भरपूर पानी और बिजली देने के लिए ऊर्जा निगम और नगर निगम ने तैयारी पूरी कर ली है। सभी जोन में किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए दोनों ही विभागों की ओर से हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर इन नंबरों पर फोन कर शिकायत की जा सकती है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि होली पर लोगों को पानी की दिक्कत न हो, इसके लिए भरपूर पानी की आपूर्ति की जाएगी। पांचों जोन के अवर अभियंता को निर्देशित किया गया है कि वह आपूर्ति बाधित न होने दें। फील्ड में कर्मचारी लगे रहेंगे। सुबह 6:30 बजे से 8:30 बजे के बीच आपूर्ति होगी।

दोपहर में 12 बजे से ढाई बजे तक अतिरिक्त गंगाजल व पानी की आपूर्ति की जाएगी। नलकूपों और पंपों के जरिए ओवरहेड टैंकों में पानी स्टोर कर लिया गया है। होली के दिन किसी भी कॉलोनी में आपूर्ति की किल्लत नहीं होने दी जाएगी। आपात स्थिति के लिए जलकल विभाग के पास पांच टैंकर की व्यवस्था है। जरूरत पड़ने पर इनकी संख्या भी बढ़ा ली जाएगी। नगर आयुक्त ने पानी की शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं।

वसुंधरा जोन : 8178016856

मोहननगर जोन : 8178018395

सिटी जोन : 8178016825

कविनगर /विजयनगर जोन : 8178018388

-नो पावर कट जोन किया घोषित-

होली के दिन जिले को नो पावर कट जोन घोषित किया गया है। अधीक्षण अभियंता एके सिंह ने बताया कि होली के दिन लोगों को बिजली की किल्लत न झेलनी पड़े इसके लिए सभी फीडरों को दुरुस्त करा दिया गया है। सुबह छह बजे से लगातार बिजली आपूर्ति की जाएगी। लाइनमैन और अवर अभियंता को कट न लगे इसका ध्यान रखने का निर्देश दिया गया है। कंट्रोल रूम पर तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई है। कहीं पर भी फॉल्ट आने पर उसे आधे घंटे के अंदर ठीक करने को कहा गया है। बिजली संबंधित कोई भी समस्या आने पर उपभोक्ता हेल्पलाइन नंबर 9193320115 पर फोन कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। रात में भी बिजली की कटौती के लिए मना किया गया है।

# सीतापुर में पत्रकार की हत्या पर प्रेस क्लब ने जताया आक्रोश

## प्रेस क्लब (रजि.) ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर। उत्तर प्रदेश के जिला सीतापुर में दैनिक जागरण के रिपोर्टर की हत्या के मामले को लेकर प्रेस क्लब (रजि.) ने आक्रोश व्यक्त किया है। इस दौरान प्रेस क्लब (रजि.) ने लामबंद होकर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में बताया कि सीतापुर में विगत शनिवार को सरेआम शाम 4 बजे दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेन्द्र बजपेयी की कुछ अज्ञात बदमाशों द्वारा हत्या कर दी गयी थी। जो उत्तर प्रदेश शासन और सरकार की सुदृढ़ व्यवस्था के लिए चुनौती है। कहा कि सम्पूर्ण उ.प्र. में घटित उक्त घटना की पत्रकारों व पत्रकार संगठनों में तीव्र आक्रोश है।



प्रेस क्लब (रजि.) ललितपुर इस हृदय विदारक घटना की कठोर शब्दों में निदा के साथ अपराध में लिप्त बदमाशों की गिरफ्तारी एवं पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाये जाने व उत्तर प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने की उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग करता है। बताया गया कि जनपद ललितपुर में भी पत्रकारों के विरूद्ध गम्भीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किए जा रहे हैं जिसकी निष्पक्ष जांच के बाद ही कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने की मांग उठायी गयी। इस दौरान संरक्षक मण्डल सदस्य मंजीत सिंह सलूजा, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, महामंत्री अमित सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, पूर्व महामंत्री मो.नसीम, अजित भारती, अजय बरया, अरविंद कुमार संज्ञा,दिनेश संज्ञा, संदीप शर्मा, सर्वदेव तिवारी, बलराम पचौरी, अभय श्रीमाली, अनूप मोदी, बृजेश पंथ, अश्वनी पुरोहित, प्रमोद गोस्वामी, नीतेश जैन, अनूप राठौर, अमित लखेरा, शुभम पस्तोर, संजना सिंह, राममूर्ति तिवारी, इमरान खान, सोनम यादव, अमित संज्ञा, अजय प्रताप सिंह तोमर, महेश वर्मा, पुष्पा झां, सुनील जैन, आलोक चतुर्वेदी, विनोद मिश्रा, निहाल सेन, शिब्बू राठौर, सूरज सिंह राजपूत, प्रदीप रिछारिया, राहुल साहू खिरिया, पूजा कश्यप, स्वतंत्र रिछारिया, सोनम यादव, शुभम पस्तोर खड़ेरा, आकाश ताम्रकार, लक्ष्मण सिंह, पंकज कुमार रायकवार, अमित राठौर, बहादुर सिंह राजपूत,विनोद राज सेन, जयेश बादल, सुरेन्द्र सपेरा, प्रमोद गोस्वामी के अलावा अनेकों पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# धूमधाम और उल्लास से मनाया जायेगा बु. वि. सेना 34 वां होली मिलन समारोह

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर

ललितपुर । बुन्देलखण्ड विकास सेना के केन्द्रीय प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने एक विज्ञप्ति के माध्यं से बताया कि गत वर्षों की भांति बुन्देलखण्ड विकास सेना का 34 वां होली मिलन समारोह आगामी दिनांक 14 मार्च 2025 दिन शुक्रवार को समय 10 से 3 बजे तक स्थानीय कम्पनी बाग में धूमधाम और उल्लास से मनाया जायेगा ।

बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने बताया कि स्नेह , प्रेम एवं सौहार्द के इस अनुपम त्योहार में विशेष आकर्षण के रूप में हास्य व्यग्य की चुटीली रचनाएं , कॉमेडी कलाकारों का जमावड़ा के साथ फ्रेन्ड्स ऑकेस्ट्रा के कलाकारों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति पेश की जायेगी ।साथ में स्वर लहरियों के बीच बुन्देली पकवानों का लुत्फ उठाने का भी इंतजाम किया गया है । बु.वि. सेना प्रमुख ने यह भी बताया कि इस मौके पर हर वर्ष की भांति लकी ड्रॉ द्वारा लोगों को इनाम देकर सम्मानित किया जायेगा ।

गौरतलब है कि बु. वि. सेना विगत 33 वर्षों से बुन्देलखण्ड की होली और फाग की पारम्परिक परम्परा को जीवित रखने के उद्देश्य से रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन करती आ रही है । उक्त कार्यक्रम का इंतजार ललितपुर की जनता बेसब्री से करती है । इस मौके पर ललितपुर के स्थानीय कलाकार , कवि , साहित्यकार , कॉमेडियन , मीमिक्री , डांस के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन करते आ रहे हैं ।

बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने ललितपुर की सम्मानित जनता से अपील की है कि दिनांक 14 मार्च दिन शुक्रवार को स्थानीय कम्पनी बाग में समय 10 बजे दोपहर 3 बजे तक होली मिलन समारोह में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनायें ।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन की चपेट में आने से सीनियर गार्ड की मौत

ललितपुर रेलवे स्टेशन झांसी मंडल के जखौरा पर सोमवार को दर्दनाक रेल हादसा हो गया, जिसमें सीनियर गुड्स गार्ड देवेंद्र कुमार की जान चली गई। हादसा उस समय हुआ, जब वह मालगाड़ी को स्टेबल कर रहे थे, तभी थ्रू जा रही पायथन मालगाड़ी अचानक आ गई और वह उसकी चपेट में आ गए। इस दौरान उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि उन्हें तत्काल झांसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृतक घोषित कर दिया। एक मिली जानकारी के अनुसार देवेंद्र कुमार सोमबार की सुबह 7 बजे झांसी से मालगाड़ी लेकर निकले थे। मालगाड़ी जैसे ही जनपद के जखौरा रेलवे स्टेशन पर पहुंची तभी उसे रोक दिया गया। क्योंकि मालगाड़ी को जखौरा रेलवे स्टेशन पर स्टेबल किया जाना था। किंतु खेद जनक यह रहा कि उक्त मालगाड़ी को स्टेबल करते समय उनकी मदद के लिए स्टेशन पर कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था जिसके कारण देवेंद्र कुमार संरक्षा विहीन घटना की शिकार हो गए और अपनी जान गवा बैठे। हलक इस दौरान वहां से निकल रही महाकाल ट्रेन को रोका गया और अन्य कर्मचारी तत्काल उन्हें लेकर झांसी पहुंचे, जहां मंडलीय रेलवे अस्पताल में डाक्टरी परीक्षण के दौरान उन्हें मृतक घोषित किया गया। इस घटना की सूचना मिलते ही ट्रेन मैनेजर व कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि वहां पहुंचे इसके अलावा एडीआरएम बस सीनियर डॉन अन्य कर्मचारियों के साथ अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने घटना के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस घटना की जानकारी जैसे ही कर्मचारी के परिजनों को मिली तो उनके घर में कोहराम की स्थिति उत्पन्न हो गई। इस दुखद घटना के बाद रेलवे कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। साथी कर्मचारियों का कहना है कि लगातार लंबे समय तक काम करने के कारण कई बार कर्मचारी अत्यधिक थकान और मानसिक दबाव झेलते हैं, जिससे इस तरह की दुर्घटनाएं होती हैं।

### कार्यालय नगर पंचायत पाली में बोर्ड बैठक का हुआ आयोजन

पाली/ललितपुर कार्यालय नगर पंचायत पाली सभागार में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के विकास हेतु आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु बजट बैठक आयोजित की गयी। जिसमें सर्व सम्मति से 15 करोड 88 लाख अडतालीस हजार रू० की आय एवं 15 करोड 88 लाख 10 हजार रू० का व्यय करते हुये बजट बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत पाली मनीष कुमार तिवारी ने की एवं इस मौके पर पार्षदगण गीता देवी, लक्ष्मी, रुकमणी देवी, प्रवीण कुमार, प्रभा देवी, प्रियंक कुमार जैन, मनोज चौरसिया, हरीराम चौरसिया, घनश्याम चौरसिया उपस्थित रहे।

### पत्थर बाड़ी उखाकर खेत पर अवैध कब्जा करने का आरोप, मामला दर्ज

ललितपुर ग्राम बम्होरी पठार निवासी शंकर सिंह पुत्र जयराम सिंह ने थाना जाखलौन पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि इसकी खेती किसानी की जमीन थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमउखेड़ा में है, जहां वह खेती किसानी कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता था। लेकिन उसकी इस जमीन पर गांव में ही रहने वाले दबंग प्रवृत्ति के विपक्षी मज्जू पुत्र हुकुम सिंह आदि आए दिन विवाद करते रहते थे, जिस कारण उसने राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी में अपने खेत की हदबंदी कराकर उसमें पत्थर की बाड़ लगवा दी थी। विपक्षियों को राजस्व विभाग की हदबंदी रास नहीं आई और उन्होंने दबंगई दिखाते हुए दिनांक 18 फरवरी 2025 को दोपहर 12:00 खेत पर बनी पत्थर की बाड़ को तोडफोड़ कर उखाड़ कर फेंक दिया जिससे उसका नुकसान हो गया। इसके बाद दबंगई दिखाते हुए विपक्षी मज्जू ने अपने दो दबंग साथियों के बल पर उसके खेत पर कब्जा जमा लिया। धाना जाखलौन पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर फिर किस द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ 329(3), 326ई धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

# प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के द्वितीय चरण के तहत किया गया सब्सिडी वितरण

चित्रकूट ब्यूरोः प्रधानमंत्री उज्वला योजना के लाभार्थियों को द्वितीय चरण के कार्यक्रम के तहत बुधवार को कलेक्टरेट सभागार में निःशुल्क रिफिल सिलेण्डर का सब्सिडी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।



जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि देश की सभी राशनकार्ड धारक महिलाओं को रसोई गैस उपलब्ध कराए जाने के उददेश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री उज्वला योजना प्रारम्भ की गयी है। जिसके तहत जनपद में कुल 1,29,574 परिवारों को उज्वला योजना के अन्तर्गत आच्छादित किया जा चुका है। साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 से मुख्य दो त्योंहारों दीपावली एवं होली पर निःशुल्क एलपीजी रिफिल का प्राविधान किया गया है। जिसमें प्रथम चरण के तहत सिलेंडर रिफिल कराया जा चुका है तथा द्वितीय चरण के तहत 31 मार्च तक सिलेंडर निःशुल्क रिफिल किए जाएंगे। बताया कि इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए लाभार्थियों को सम्बद्ध एलपीजी वितरक एजेन्सी में ऑनलाइन व ऑफलाइन बुकिंग कर शासन द्वारा निर्धारित भुगतान करते हुए रिफिल कराना होगा। इसके बाद इस योजनान्तर्गत दी जाने वाली सब्सिडी धनराशि उनके आधार प्रमाणित बैंक खातों में सम्बन्धित तेल विपणन कम्पनी द्वारा अंतरित की जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में वर्तमान में एलपीजी रिफिल का उपभोक्ता मूल्य 858.42 रुपये प्रति सिलेण्डर है, जिसमें केन्द्र सरकार द्वारा 349.78 रुपये व राज्य सरकार 508.14 रुपये प्रति सिलेंडर रिफिल सब्सिडी धनराशि उनके आधार प्रमाणित बैंक खातों में अंतरित की जाएगी।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने जनपद के चयनित 11 लाभार्थियों सीमा देवी, प्रतिभा देवी, नीतू गुप्ता, जयरानी देवी, मन्तोषिया देवी, केता, सविता सिंह, सुशीला देवी, सुमन देवी आदि को निःशुल्क रिफिल सिलेण्डर की सब्सिडी के लिए प्रतीकात्मक चेक वितरण कार्यक्रम किया गया।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, ब्लाक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा, रामनगर गंगाधर मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# राजस्व वसूली को प्रदान करें गति- डीएम



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

चित्रकूट ब्यूरोः कर-करेत्तर एवं सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक बुधवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने समीक्षा कार्यों का जायजा लेते हुए सम्बन्धितों को जिले की रैकिंग सुधारने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने माह फरवरी में जनपद की रैंकिंग को प्रभावित करने वाले कारणों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन बिंदुओं के कारण जनपद की रैंकिंग प्रभावित हुई है, उन पर इस माह में प्रगति कराए अन्यथा सम्बन्धित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग अच्छी है, वह ऐसे ही कार्य करें। इसके बाद जिलाधिकारी ने कर-करेत्तर राजस्व कार्यो की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व पूर्ति कराना सुनिश्चित करें। कहा कि विद्युत, खनन व बैंकों द्वारा जो आरसी जारी किया गया है, उसे नायब तहसीलदार व पुलिस की संयुक्त टीम के साथ अभियान चलाकर वसूली कराए। जिलाधिकारी ने सहायक आयुक्त खाद्य प्रियंका सिंह को निर्देशित किया कि होली व रमजान पर्व के दृष्टिगत लगातार दुकानों पर छापामारी करें। कहा कि किसी प्रकार के खाद्य पदार्थों में मिलावट नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर अवैध शराब की भट्ठियों को पकड़े तथा जहरीली शराब न बिकने पाए।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, उप जिलाधिकारी मऊ सौरभ यादव, राजापुर हर्षिता देवड़ा, उपायुक्त राज्य कर विक्रम अजीत, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह, डिप्टी आरएमओ अविनाश झा, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जिला दिव्यांग जन शक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव, जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## भूमि अधिग्रहण कार्य को पूरा करने के डीएम ने दिए निर्देश

चित्रकूट ब्यूरोः जनपद में नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना, बहुउद्देशीय हब निर्माण, लिंक एक्सप्रेस-वे, डिफेंस कॉरिडोर की भूमि अर्जन के सम्बन्ध में बुधवार को कलेक्टरेट सभागार में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने राजापुर व मानिकपुर के तहसीलदारों से भूमि अधिग्रहण के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि शासकीय भूमि चिन्हित कर प्राथमिकता के साथ अधिग्रहण कराए तथा समस्या आने पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक व बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को बताएं। जिससे सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा समस्या का निस्तारण किया जा सके। उन्होंने श्रीराम वन गमन मार्ग के लिए की जा रही भूमि अधिग्रहण कार्य की प्रगति की भी जानकारी लेते हुए अवशेष कार्यवाही को पूरा करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से कहा कि तहसीलदार व लेखपालों की प्रतिदिन मीटिंग कर प्रगति की समीक्षा करें। जिलाधिकारी ने लिंक एक्सप्रेस-वे की भुगतान की स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि जिन लोगों की भूमि का अधिग्रहण किया गया है, उन्हें जल्द से जल्द भुगतान कराएं। कहा कि सम्बन्धित गांव में जाकर चैपाल लगाकर ग्रामीण जनता से भूमि अधिग्रहण के सम्बन्ध में वार्ता करें।

इस मौके पर अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद सहित उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

## 18 को होगी बैठक

चित्रकूटः उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि निर्वाचक नामावली के संबंध में उपलब्ध कराए गए अभिलेखों एवं बूथ लेवल एजेन्ट नियुक्त किये जाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के साथ बैठक आयोजित करने के निदेर्शानुसार बुधवार को सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 236 चित्रकूट व 237 मानिकपुर में बैठक का आयोजन किया गया। बताया कि इसी क्रम में आगामी 18 मार्च को जिला स्तर पर समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें निर्वाचक नामावलियों के सम्बन्ध में प्राप्त कराये जाने वाले अभिलेखों एवं प्रत्येक बूथ पर बीएलए नियुक्त किये जाने के सम्बन्ध में चर्चा की जाएगी।

## 25 मार्च तक प्रस्तुत करें बिल

चित्रकूटः जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि शासन द्वारा प्रदेश के कोषागारों में वर्तमान में लागू ऑनलाइन बिल प्रस्तुतीकरण एवं ई-कुबेर प्रणाली के दृष्टिगत, कोषागारों से समस्त देयकों का समयान्तर्गत भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। जिसके तहत सभी आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागारों में समस्त बिल निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आगामी 25 मार्च तक अवश्य प्रस्तुत करें। जिससे कि प्रस्तुत बिलों की जांच के बाद कोषागारों द्वारा बिल पासिंग तथा ई-पेमेण्ट के माध्यम से आगामी 31 मार्च तक भुगतान के लिए प्रमाणित किया जा सके।

## होली के दिन बंद रहेंगी शराब की दुकानें

चित्रकूटः जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि होली के त्योहार के दृष्टिगत जनपद में कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम के तहत होली के अवसर पर 14 मार्च शुक्रवार को मऊ थाना क्षेत्र स्थित कुल पांच आबकारी दुकानों को छोड़कर जनपद चित्रकूट स्थित समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर व भांग की फुटकर बिक्री तथा थोक अनुज्ञापन बंद रहेंगी तथा 15 मार्च को बैजला परंपरा के अनुसार सिर्फ मऊ थाना क्षेत्र स्थित मात्र पांच आबकारी दुकानों को पूर्णतः बंद रहेंगी। कहा कि इस दौरान मादक पदार्थों का संचय करने, वितरण करने व रखने वालों के के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# कृषक वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## कृषि में विविधीकरण अपनाने पर दिया जो कृषि विज्ञान केंद्र उन्नत कृषि ग्राम योजना अंतर्गत आयोजित हुआ कार्यक्रम

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर। मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र उन्नत कृषि ग्राम योजना अंतर्गत कृषक वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अंगीकृत ग्राम ककरुआ और पिपरियावंशा के प्रगतिशील कृषकों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान मौजूद वैज्ञानिकों ने कृषि में विविधीकरण अपने पर जोड़ दिया । बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र खिरियामिश्र, ललितपुर में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक व अध्यक्ष डॉ मुकेश चंद्र के नेतृत्व में उप निदेशक कृषि वसंत कुमार दुबे के निर्देशन व कृषि विभाग के वित्तीय सहयोग से कृषि विज्ञान केंद्र उन्नत कृषि ग्राम योजना अंतर्गत कृषक वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम में बोलते हुए वरिष्ठ वैज्ञानिक मुकेश चंद ने कृषकों को कृषि में आय वृद्धि करने हेतु महिला समूह का सृजन एवं समूह के माध्यम से उद्यमिता विकास जिसमें बलिनी मिल्क कलेक्शन सेंटर की स्थापना, किचन गार्डनिंग और उद्यानिकी एवं मूल्य संवर्धन कृषि में विविधीकरण अपना कर जैसे दलहन, तिलहन, बागवानी ,बकरी पालन, मुर्गी पालन ,मधुमक्खी पालन को अपना कर छोटे-छोटे उद्योग लगाकर आय बढ़ाने की बात कही वास्तु विशेषज्ञ सस्य विज्ञान डॉक्टर दिनेश तिवारी ने बताया कि अंगीकृत ग्राम में 2024 में समूहवध अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन अंतर्गत दलहन का 70 से अधिक प्रदर्शन दिया गया वहीं केंचुआ खाद उत्पादन हेतु 16 कृषकों को प्लास्टिक पोर्टेबल वर्मी बेड और केंचुआ उपलब्ध कराया गया। साथ ही सात कृषकों को यहां जो का प्रदर्शन भी लगाया गया। उन्होंने प्राकृतिक खेती के कृषि निवेश बनाने की विधि और कृषि में प्रयोग के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। पशुपालन डॉक्टर अनुज कुमार गौतम ने बकरी पालन प्रशिक्षण उपरांत स्वरोजगार हेतु मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर अपर उद्यान अधिकारी लक्ष्मीकांत अवस्थी ने उद्यान विभाग की योजनाओं की जानकारी दी वहीं जिला स्तरीय मुर्दा परीक्षण प्रयोगशाला अध्यक्ष बृजेश सिंह यादव ने मृदा परीक्षण और उसके लाभ के बारे में जानकारी दी ।कार्यक्रम में ककरवा कृषक महिला स्वयं सहायता समूह अध्यक्ष शशि किरण यादव और सचिव निशा राजपूत ने भी अपने विचार रखें ।कार्यक्रम में संजीव कुमार शर्मा ,धीरज कुमार वर्मा ,राजेंद्र कुमार पाठक, अतुल राज तिवारी ,ललित कुमार ,तिलक राम कौशिक, समीर सिंह ,राम मृत्यु तिवारी, सहित अंगीकृत ग्राम के 100 से अधिक प्रगतिशील कृषक एवं महिलाएं मौजूद रहे ।कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर दिनेश तिवारी ने किया।

# ईमानदारी अभी जिंदा है: लाखों के जेवरात देख भी नहीं डोला युवकों का मन...खबर पढ़ आप भी करेंगे सैल्यूट

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



खैरथल! पैसे के युग और जेवरात की आसमान पर कीमत भी ईमानदारी और नैतिकता पर भारी नही पड़ती जब इंसान अपने दीन धर्म पर कायम रहता है

आज यह चरितार्थ किया शहर के दो व्यक्तियों ने जब सड़क पर पड़े लेडीज पर्स को उठाकर सीधे थाने में आकर बैग पुलिस को सुपुर्द किया!बाद में पुलिस ने बैग में मिले मोबाईल पर बात कर पर्स मालिक को थाने बुलाकर लौटा दिया!

घटना बुधवार दोपहर करीब बारह बजे की है जब शहर में प्रॉपर्टी का काम करने वाले दीपक चौधरी व मोतीराम सिंधी अपनी बाइक पर सवार होकर बास कृपाल नगर से तरवाला वाले सड़क मार्ग पर एक कृषि भूमि देखने गए!वापस लौटते समय पहाड़ के पास सड़क मार्ग पर लावारिस अवस्था में एक लेडीज हैंड बैग दिखाई दिया जिसे उठाकर देखा तो वजन लगा!दोनों ने बिना देर किये सीधे खैरथल थाने में आकर ड्यूटी पर मिले ब्रह्मदत्त को बैग सौंप दिया जिसे खोल कर देखा तो उसमे सोने के जेवर सहित नाम मात्र के रुपए व एक एड्राइड मोबाईल मिला सामान चैक करते समय बैग मालिक का फोन आने पर संतुष्ट पूर्वक जबाब देते हुए बैग मिलने की सूचना देते हुए तुरंत खैरथल थाने बुलाया गया!

थाने पर बैग मालकिन रानी कौर पत्नी कुलदीप सिंह ने बताया की वह धमूँड़की सीकरी के रहने वाले है और रिश्तेदारी में शादी में शरीक होने आये थे की रानी कौर के भाई ने उसके पीहर रामनगर चलने को कहा पति की सहमति से वह अपने भाई अमरजीत सिंह की बाइक पर सवार होकर रामनगर के लिए रवाना हो गए!गोद में एक छोटा बच्चा को संभालने के चक्कर में बैग कहा गिरा पता नही चला!रामनगर पहुंचने के बाद बैग नही मिलने पर होश फाख्ता हो गए!इधर उधर बैग को तलाशने के बाद याद आया की उसका मोबाईल बैग में ही जब मोबाईल पर घंटी की तो पता चला की बैग खैरथल थाने में पहुंच गया है!

थानाधिकारी राकेश मीणा ने बैग के रंग सहित अन्य सामान की जानकारी ली जो सही पाए जाने पर बैग लाने वाले दो युवकों के हाथो से वापस करा दिया!बैग पाकर युवती के आँखों में आंसू झलक आये और सभी को धन्यवाद दिया!इस दौरान युवती के साथ परिजनों सहित पुलिस ने दोनों युवकों को माला पहनाकर स्वागत किया!

# 1 मार्च को तिजारा मे रोजगार मेला: बेरोजगारों के लिए खुशखबरी

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



खैरथल-तिजारा, 12 मार्च। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बताया कि युवाओं को शैक्षणिक एवं कौशल योग्यता के आधार पर निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए सहज एवं सरल माध्यम / प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 21 मार्च 2025 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तिजारा में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

रोजगार मेले की सफल आयोजन हेतु जिला कलेक्टर ने जिला रोजगार अधिकारी अलवर को नोडल अधिकारी तथा सहायक निदेशक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तिजारा को सदस्य सचिव तथा प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भिवाड़ी एवं किशनगढ़ बास को सदस्य नियुक्त किया।

जिला कलेक्टर ने आयोजन से जुड़ी तैयारी को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए विभिन्न कंपनियों को आमंत्रित कर अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को रोजगार दिलाने हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में आठवी/सैकण्डरी/सी०सै / स्नातक, आई.टी.आई. समस्त ट्रेड, पॉलिटेक्निक डिप्लोमा विधुत, मैकेनिकल, इलेक्ट्रोनिक्स, बी.टेक, बीसीए / एमसीए / फामेर्सी / नर्सिंग आदि योग्यता प्राप्त इच्छुक योग्य आशार्थी अपने मूल प्रमाण-पत्रो, आधार कार्ड, बैंक अकाउन्ट डिटेल व फोटो सहित दस्तावेजो के साथ रोजगार सहायता शिविर में भाग ले सकते है।

# मृतक आश्रितों एवं घायलों को 4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी, 12 मार्च। जिले में विभिन्न स्थानों पर हुए हादसों में 3 मृतक व्यक्तियों तथा 5 घायल व्यक्तियों के आश्रितों को जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने मुख्यमंत्री सहायता कोष से आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

जिला कलक्टर अक्षय गोदारा द्वारा जारी आदेशानुसार मृतक अंकित बैरवा निवासी जजावर, राहुल शर्मा निवासी नेगढ़, महेन्द्र कुमार मीणा निवासी बहड़ावली के आश्रितों को एक-एक लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि मंजूर की है।

इसी प्रकार घायल सिकन्दर निवासी गणपतपुरा, सत्यनारायण मीणा निवासी गणेशपुरा, दुगार्शंकर निवासी ऐबरा, हेमराज मीणा निवासी अजेता, पायल गुर्जर निवासी सलावलिया के आश्रितों को 20-20 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि मंजूर की है।

## राजस्थान में 10000 शिक्षकों और चार हजार पटवारियों की होगी भर्ती; सीएम भजनलाल शर्मा ने की घोषणा

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 10,000 स्कूल शिक्षकों और 4,000 पटवारियों की भर्ती के साथ युवाओं को रोजगार देने के लिए कई नई योजनाओं की घोषणा की।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को विधानसभा में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। इनमें 10,000 स्कूल शिक्षकों और 4,000 पटवारियों की भर्ती शामिल है, जो राज्य में रोजगार के नए अवसर प्रदान करेंगे। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने वन विभाग में 1,750 पदों की भर्ती और मुख्यमंत्री युवा रोजगार प्रोत्साहन योजना के तहत युवाओं को 10,000 रुपये की एकमुश्त सहायता देने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि अब राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत 6,000 रुपये मासिक सहायता प्राप्त होगी, यदि वे बेरोजगारी भत्ता की बजाय इस योजना में शामिल होते हैं।

# प्रदेश में पहली बार मकान सीज करने वाली फाइनेंस कंपनी को मजबूर होकर खुद तोड़नी पड़ी अपनी सिजिंग की सील

## बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा की चेतावनी के बाद बैकफुट पर आयी कम्पनी

**ब्यरो -एनपीटी**



बूंदी 12 मार्च। प्रदेश में पहली बार एक फाइनेंस कंपनी को मकान सीज करने की कार्यवाही करने के दो दिन बाद बैकफुट पर आकर बुधवार को बूंदी में मजबूर होकर खुद अपनी ही सिजिंग की सील तोड़नी पड़ी है।बूंदी रेलवे स्टेशन के सामने श्री राम कॉलोनी में सोमवार को फाइनेंस कम्पनी ने लोन लेने वाले की अनुपस्थिति में परिवार की महिलाओं व बच्चों को जबरन बाहर निकालकर मकान सीज कर दिया था।इस दौरान मकान में रहने वाले परिवार के खाने पीने सहित सभी सामान यहाँ तक कि दसवी में अध्ययनरत दो छात्राओं के दसवी बोर्ड परीक्षा के प्रवेश पत्र भी भीतर ही रह गये थे।

### मानवाधिकार आयोग में केस दर्ज करवाने की चेतावनी दी थी

पीड़ित परिवार ने सीज किये हुये मकान से छात्राओं के बोर्ड परीक्षा के प्रवेश पत्र दिलवाने व खाने पीने के आवश्यक सामान निकलवाने के लिये मंगलवार को राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा से मदद मांगी थी।जिसके बाद शर्मा ने मौके पर पहुंचकर सीज करने वाली कम्पनी के अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता की थी जिसमे उनकी कम्पनी के अधिकारियों से तीखी बहस हुयी थी।शर्मा ने मकान सीज करने के दौरान कर्जदार की अनुपस्थिति में महिलाओं और बच्चों को जबरन घर से निकालने के साथ छात्राओं के दसवीं बोर्ड के प्रवेश पत्र और परिवार के खाने-पीने के आवश्यक सामान तक बाहर नहीं निकालने देने पर सिजिंग करने वाली फाइनेंस कंपनी के विरुद्ध मानव अधिकार आयोग में केस दर्ज करवाने की चेतावनी दी थी।शर्मा ने कहा कि कोई भी मकान इस तरह अमानवीय तरीके से सीज नहीं किया जा सकता है।

### सील तोड़कर ताला खोलते नजर आये कर्मचारी

राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा की मानवाधिकार आयोग में कार्यवाही करने की चेतावनी के बाद घबराहट में आये मकान सीज करने वाली फाइनेंस कंपनी के अधिकारि सीज खोलने के लिये बुधवार को आनन फानन में जयपुर से बूंदी पहुंच गये।सोमवार को कोर्ट के आदेश पर सीज करने का हवाला देकर परिवार को जबरन बाहर निकालने वाले फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी बुधवार को मजबूर होकर खुद अपनी कम्पनी की सिजिंग की सील तोड़कर मकान से परिवार के सभी सामान व बच्चों के शैक्षणिक दस्तावेज निकलवाते हुये नजर आये।ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष मिथिलेश दाधीच के निर्देश के बाद पीड़ित परिवार की सहायता के लिये युवा शाखा जिलाध्यक्ष विकास सनाढ्य व पीयूष शर्मा गुल्लू भी पहुंचे

### छात्राओं को विशेष प्रवेश पत्र जारी कर दिलवायी परीक्षा

फाइनेंस कम्पनी द्वारा श्रीराम कॉलोनी में जबरन मकान सीज करने व 10 बोर्ड की दो छात्राओं के प्रवेश पत्र के सीज मकान में रहने बाद छात्राओं के लिये शिक्षा विभाग ने विशेष प्रवेश पत्र जारी किये।मंगलवार रात को राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा ने दसवी बोर्ड की छात्रा प्रमिला शर्मा व प्रियंका शर्मा को प्रवेश पत्र सौपे।बुधवार को इन प्रवेश पत्रों से ही छात्राओं ने दसवी बोर्ड के पेपर दिये।

# वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा का प्रत्युत्तर खैरथल-तिजारा जिले के लिए सीएम भजनलाल शर्मा ने घोषणाऐं की



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथल-तिजारा: वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा का प्रत्युत्तर देते हुए सीएम भजनलाल शर्मा ने खैरथल-तिजारा जिले के लिए घोषणा की खैरथल रोड से मालियों की ढाणी, ग्राम पेहल तक सड़क निर्माण कार्य (1.5 किमी.) - खैरथल तिजारा

जिला खैरथल तिजारा में जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) की स्थापना की जायेगी।

सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय खैरथल तिजाराप्रदेश के नवगठित 8 जिलों में स्थापित किये जाने वाले समस्त जिला स्तरीय कार्यालयों में समुचित तालमेल के साथ अधिक दक्षता से सेवा प्रदायगी का कार्य सुनिश्चित करने की दृष्टि से 'मिनी सचिवालय' बनाये जाने की मैं, घोषणा करता हूँ।

सुनियोजित विकास एवं बेहतर आधारभूत सुविधायें विकसित किये जाने की दृष्टि से इक्ळ्अ के क्षेत्र का पुनर्निर्धारण करते हुए नगरीय विकास विभाग के अध्यधीन भिवाड़ी विकास प्राधिकरण घोषणाओं पर जब हमने खैरथल के लोगों से बात की तो लोगों ने कहा जो घोषणा हुई है उसके लिए सीएम साहब को धन्यवाद देते है हमारा मानना थे खैरथल जिला हैडक्वाटर होने के कारण शहर के लिए खैरथल हैडक्वाटर पर सड़को के चोड़ीकरण एवं सौंदर्यकरण, पेयजल लाईन की लाईन,सिविंर लाइन डालने, रोड़वेज बस स्टैण्ड निर्माण और कार्यशाला निर्माण,जिला पार्क,जिले के ऐतिहासिक, पौराणीक स्थलो को पर्यटक स्थल बनाने की दिशा मे ओर बेहतरीन घोषणा की जा सकती थी जिससे आमजन को सुविधा हो पाती

# पूर्व लोकसभा अध्यक्ष रबि रे की जन्म शताब्दी मनाने का हुआ निर्णय: प्रो. आनन्द कुमार

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



नई दिल्ली। विभिन्न सामाजिक संगठनों के वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक में स्वतंत्रता सेनानी, समाजवादी नेता एवं लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष रबी रे की जन्मशताब्दी मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। प्रेस को जारी ब्यान में प्रो. आनन्द कुमार ने बताया कि समारोह की शुरूआत 26 नवंबर, 2025 को भुवनेश्वर में लोहिया अकादमी में एक राष्ट्रीय सम्मेलन से होगी। वर्ष भर चलने वाले इस शताब्दी समारोह में छात्र और युवा केंद्रित गतिविधियाँ भी शामिल होंगी, जैसे कि अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता और एक पोस्टर-निर्माण प्रतियोगिता। इसके अतिरिक्त, चुनाव- सुधारों और लोकतंत्र को मजबूत करने पर एक राष्ट्रीय संवाद का आयोजन भी किया जाएगा। रबी रे और उनके योगदान को समर्पित एक स्मृति ग्रंथ तैयार किया जाएगा, जिसके मुख्य संपादक प्रो. मनोरंजन मोहंती होंगे। शताब्दी समारोह का समापन 26 नवंबर, 2026 को नई दिल्ली स्थित कांस्टिट्यूशन क्लब में एक राष्ट्रीय सम्मेलन के साथ होगा। एक राष्ट्रीय शताब्दी समारोह की समिति का गठन भी किया गया, जिसमें प्रो. आनंद कुमार को संयोजक, डॉ. संत प्रकाश सचिव तथा अब्दुल माबूद को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

बैठक में आचार्य येस फुन्सुक प्रो. मनोरंजन मोहंती, प्रो. राजकुमार जैन, प्रफुल्ल समान्तरा, देब प्रसाद महापात्रा, रमेश भाई, डॉ. अनिल ठाकुर, शशि शेखर प्रसाद सिंह, डॉ. सुनीलम, एस.आर. हीरेमठ, कामना झा, नासिर, सुशील खन्ना, महेश भाई मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# प्रोग्रेसिव हायर सेकेण्डरी स्कूल में होली का उत्सव मनाया



प्रोग्रेसिव हायर सेकेण्डरी स्कूल, सैक्टर 23, संजय नगर, गाजियाबाद में होली का उत्सव मनाया गया। प्रबंधक जे. पी व्यागी, प्रधानाचार्या श्रीमती शशि त्यागी ने छात्र-छात्राओं को रसामन रहित रंगों से होली खेलने के विषय में समझाया व होली की शुभकामनाएं दीं। उप-प्रबंधक एकान्त भारद्वाज व वर्षा त्यागी ने गुलाल व फूलों से सौहार्द व प्रेमपूर्वक होली खेलने पर बल दिया। अन्त में गुजिया वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया !

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी गाज़ियाबाद ने हिमालयन एजुकेशन फेयर धनगढ़ी, नेपाल - 2025 में लिया भाग

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



धनगढ़ी, नेपाल - 9 और 10 मार्च 2025 को धनगढ़ी, नेपाल में आयोजित हिमालयन एजुकेशन फेयर 2025 में रएसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस शिक्षा मेले में स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड टूरिज्म के निदेशक डॉ. हरवीर सिंह और आउटरीच एडमिशन के निदेशक श्री देवेश भटनागर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने लगभग 1500 नेपाली विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन प्रदान किया, जो कि कक्षा 12 की परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। उनकी परीक्षाएँ बैशाख 11, 2082 (24 अप्रैल 2025) से बैशाख 24, 2082 (7 मई 2025) तक आयोजित होने वाली हैं।

इस शिक्षा मेले को छात्रों से शानदार प्रतिक्रिया मिली। एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जो कि धनगढ़ी से मात्र 359 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, विद्यार्थियों के लिए एक आकर्षक शैक्षणिक विकल्प बनकर उभरी। विश्वविद्यालय के अधिकारियों द्वारा किए गए परामर्श सत्रों से छात्रगण अत्यंत लाभान्वित हुए और उन्होंने विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम, चार वर्षीय अध्ययन कार्यक्रम, किफायती शुल्क संरचना और छात्रावास सुविधाओं को लेकर गहरी रुचि दिखाई। विशेष रूप से, छात्राओं ने होटल मैनेजमेंट और टूरिज्म में अपने करियर को आगे बढ़ाने में अधिक रुचि दिखाई, वहीं छात्र भी इस क्षेत्र में सुनहरे अवसरों को लेकर उत्साहित नजर आए।

इस महत्वपूर्ण पहल की एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चांसलर श्री महेंद्र अग्रवाल जी, प्रो-चांसलर श्री नितिन अग्रवाल जी, वाइस चेयरमैन श्री अखिल अग्रवाल जी, कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार जी और प्रो-वाइस चांसलर (प्रशासन) श्री पीयूष श्रीवास्तव जी , रजिस्ट्रार प्रोफेसर (डॉ.) राजीव रतन जी ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि यह विश्वविद्यालय के वैश्विक बनने में पहला कदम है।

एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी की इस भागीदारी ने विश्वविद्यालय की ओर से एक मजबूत प्रभाव छोड़ा और बड़ी संख्या में छात्रों ने इसमें दाखिले में रुचि व्यक्त की। इस सफलता के बाद, विश्वविद्यालय भविष्य में भी इस तरह के शैक्षिक मेलों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रतिबद्ध है।

# थानाभवन पुलिस ने किया अवैध हथियार फैक्टरी का भंडाफोड

## हिस्ट्रीशीटर आरोपित गिरफ्तार, सहयोगी फरार, बने, अधबने तमंचे, उपकरण व 5 हजार की नकदी बरामद

एनपीटी संवाददाता

**शामली।** थानाभवन पुलिस ने माजरा रिसालगढ के जंगल में चल रही अवैध हथियार फैक्टरी का भंडाफोड करते हुए एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है जबकि उसका सहयोगी फरार है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में बने, अधबने तमंचे, कारतूस व हथियार बनाने के उपकरण व पांच हजार की नकदी भी बरामद की है।

बुधवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी रामसेवक गौतम ने अवैध हथियार फैक्टरी का भंडाफोड करते हुए बताया कि पुलिस ने माजरा रिसालगढ के जंगल में स्थित एक ट्यूबवैल के कोठे में संचालित अवैध हथियार की फैक्टरी का भंडाफोड करते हुए एक हिस्ट्रीशीटर आरोपित शराफत पुत्र रुल्हा निवासी गांव मुंडेट खादर थानाभवन को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में बने, अधबने तमंचे, कारतूस, हथियार बनाने के उपकरण, 5 हजार की नकदी व दो



मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित शराफत अपने एक अन्य साथी सादीन पुत्र सफी निवासी गांव बरनावी थाना कैराना के साथ मिलकर अवैध हथियार फैक्टरी का संचालन कर रहा था। सादीन की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया है, जिसे जल्द ही पकड लिया जाएगा। गिरफ्तार शराफत हरियाणा के जनपद कुरुक्षेत्र के थाना लाडवा में जानलेवा हमले के मामले में भी वांछित है, जिसकी धरपकड के लिए हरियाणा पुलिस भी दबिश दे रही थी। एसपी ने हथियार फैक्टरी के भंडाफोड पर एएसपी शामली व सीओ थानाभवन को प्रशस्ति पत्र व पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का ईनाम देने की घोषणा की है।

## ट्रांसफार्मर चोरी की योजना बना रहे दो बदमाश गिरफ्तार

शामली। बुधवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी रामसेवक गौतम ने बताया कि बाबरी पुलिस मुखबिर ने सूचना दी कि गोगवान के बाग के निकट राजवाहे की पटरी के नीचे एक बाग में कुछ लोग ट्रांसफार्मर चोरी की योजना बना रहे हैं। सूचना पर जैसे ही पुलिस बाग में पहुंची तभी बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए दो बदमाशों को मौके पर ही दबोच लिया जबकि दो अन्य भाग निकले। पूछताछ में बदमाशों ने अपने नाम रिहान उर्फ मच्छी पुत्र अफसर व दानिश पुत्र बाबू निवासीगण गांव भैंसानी इस्लामपुर थानाभवन बताए जबकि अपने फरार साथियों के नाम कलाम पुत्र सनाउल्ला व महताब पुत्र शौकत निवासीगण भैंसानी इस्लामपुर बताए। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से ट्रांसफार्मर से निकाला गया तेल, कॉयल, तमंचा, कारतूस, खोखा, चाकू व ट्रांसफार्मर खोलने के उपकरण भी बरामद किए हैं।

## सामान लेकर पैसे मांगने पर दुकानदार के साथ मारपीट

एनपीटी संवाददाता

**कांधला।** थाना क्षेत्र के इदरीश बेग बिहार कॉलोनी में दुकानदार से सामान लेकर पैसे मांगने पर आरोपी लोगों ने दुकानदार के साथ मारपीट करते हुए दुकान में तोड़फोड़ की। मोहल्ला इदरीस बाग बिहार कालोनी निवासी समीर पुत्र आस मोहम्मद अपने मकान में किरयाना की दुकान करता है। पीड़ित दुकानदार के मुताबिक पड़ोसी अरमान दो अज्ञात युवकों को साथ लेकर दुकान पर सामान खरीदने के लिए आया था। दुकानदार ने सामान अरमान व उसके साथियों को दे दिया। जब पीड़ित दुकानदार ने सामान के पैसे मांगे तो तो उक्त लोगों ने दुकानदार के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। जिसका दुकानदार ने विरोध किया तो आरोपी लोगों ने दुकानदार के साथ मारपीट करते हुए दुकान में तोड़फोड़ कर सारा सामान जमीन पर गिरा दिया। पीड़ित दुकानदार ने शोर शराबा कर आसपास के लोगों को मदद के लिए मौके पर बुलाया तो आरोपी मौके से फरार हो गए।

# भाजपा नेता विवेक प्रेमी सहित 10 लोगों पर मुकदमा

## कुटी वाला मंदिर दुकानों के विवाद को लेकर मंगलवार को हुआ था हंगामा

एनपीटी संवाददाता

**शामली।** शहर के गांधी चौंक स्थित कुटी वाला मंदिर की दुकानों को लेकर कई दिनों से भैरव मंदिर कमेटी व व्यापारियों के बीच विवाद चल रहा है। पिछले दिनों मंदिर कमेटी के लोगों ने कुटी मदिर की दुकानों को जबरन बंद कराते हुए उनमें ताला डाल दिया था जिससे व्यापारियों में भी आक्रोश फैल गया था। पिछले काफी समय से यह दुकानें बंद थी। मंगलवार को एक व्यापारी ने कोर्ट का स्टे आर्डर लेकर अपनी दुकान खोल ली, जैसे ही इस बात की जानकारी भैरव मंदिर कमेटी के लोगों को लगी तो वे मौके पर पहुंचे तथा दुकान खोलने का विरोध जताया इस बात को लेकर मंदिर कमेटी के लोगों व व्यापारी में तीखी नोंकझोंक शुरू हो गयी, इसी दौरान अन्य व्यापारी भी मौके पर पहुंच गए और हंगामा शुरू हो गया। व्यापारियों ने मंदिर कमेटी के लोगों पर जबरन दुकान में घुसने व मारपीट का आरोप लगाया वहीं मंदिर कमेटी के लोगों ने व्यापारियों पर गंभीर आरोप लगाए। हंगामे की सूचना पर एसडीएम सदर विनय प्रताप सिंह भदौरिया, सीओ सिटी अमरदीप मौर्य, शहर कोतवाल समयपाल अत्री व पुलिस फोर्स के अलावा भाजपा नेता विवेक प्रेमी भी मौके पर पहुंच गए तथा दोनों पक्षों को किसी तरह शांत किया। व्यापारी ने एसडीएम सदर को कोर्ट का स्टे आर्डर भी दिखाया जिसके बाद दोनों पक्षों को सीओ कार्यालय बुलाकर मौके पर यथास्थिति बनाए रखने की हिदायत दी गयी, जिसके बाद दोनों पक्ष वापस लौट गए। अब इस मामले में भैरव मंदिर के योगी करणनाथ ने शहर कोतवाली में तहरीर देते हुए विवेक प्रेमी व उनके 8-10 साथियों पर लाठी डंडे, चाकू व तमंचों से लैस होकर गाली गलौच, धमकी देने व हमला करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं भाजपा नेता सहित 10 अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने से अब यह मामला तूल पकड सकता है।

### ■ भैरव मंदिर कमेटी के योगी करणनाथ की तहरीर पर पुलिस ने की कार्रवाई

## संक्षेप समाचार :

### पानीपत की नई मेयर बनी झाड़खेड़ी की कोमल सैनी



कैराना। हरियाणा के जनपद पानीपत में भारतीय जनता पार्टी ने मेयर पद के चुनाव के लिए कैराना तहसील क्षेत्र के झाड़खेड़ी गांव की लड़की कमल सैनी पर भरोसा जताते हुए अपना प्रत्याशी बनाया था। बुधवार को चुनाव का परिणाम आया तो भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी कमल सैनी ने मेयर पद पर विजय हासिल की। कोमल सैनी की जीत के बाद गांव झाड़खेड़ी में खुशी का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण ने गांव में मिठाई बाटकर खुशी का इजहार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव झाड़खेड़ी निवासी ओदिश की बेटी कोमल सैनी की शादी गलत वर्ष 2016 में हरियाणा के पानीपत निवासी दिनेश के साथ हुई थी। दिनेश कार्पेन्ट से सम्बंधित व्यापार करते हैं। जिसके बाद कोमल सैनी ने पानीपत शहर के वार्ड 11 से पार्षद का चुनाव लड़ा था,जिसमें उन्हें सफलता हासिल हुई। कोमल सैनी की माता माया हॉउस वाईफ हैं और उनके पिता एक किसान हैं। उनके दो बहनें रूबी,गुरमीत व एक भाई आदित्य हैं। कोमल सैनी के मेयर बनने पर सैनी समाज में खुशी की लहर दौड़ रही है।

### इलाके में अपराध को देने वाला था अंजाम, धरा गया

चौसाना। जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न मुकदमे दर्ज होने पर जिला बदर किए गए बदमाश के वापस क्षेत्र मे आकर अपराध को अंजाम देने की फिराक मे रहे आरोपी को पुलिस ने बल्लामाजरा के जंगल से गिरफ्तार कर जैल भेज दिया है। चौसाना चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि वह बुधवार सुबह क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि जिला बदर इस्तकार पुत्र अब्बास निवासी बल्लामाजरा गांव के निकट किसी अपराध को अंजाम देने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और घेराबंदी करके उसे दबोच लिया।



**तमंचे के संग युवक पकडा**

चौसाना। पुलिस ने पठानपुरा निवासी एक युचवक अतुल पुत्र मुकेश को पकडा है । जिसके कब्जे से एक देशी तमंचा व एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय मे पेश किया और जेल भेज दिया है।

### भाकियू प्रधान के नेतृत्व में होली मिलन का आयोजन

कांधला। बुधवार को गांव डांगरौल स्थित एक फॉर्म हाऊस पर भारतीय किसान यूनियन प्रधान के द्वारा होली मिलन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि होली रंगों का पर्व है इसे शांति और भाईचारे के साथ एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए मनाना चाहिए। रमजान का माह भी चल रहा है और होली में रमजान माह के दौरान ही है ऐसा किसी तरह का काम नहीं करें जिससे माहौल बिगड़े, दोनों समुदाय आपस में प्यार व आपसी सौहार्द के साथ मिलकर आपसी सहयोग से दोनों पर्वों को शांति पूर्वक सम्पन्न कर एक मिसाल कायम करें। होली पर्व शांति और खुशियों का त्यौहार है। लोग सभी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाते हैं। वैसे ही इस पर्व को मनाएं सभी एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान रखें। उन्होंने लोगों से अपील की कि थाना क्षेत्र में कोई भी अप्रिय घटना नहीं घटे इस पर सभी लोग ध्यान दें। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरदार जरनैल सिंह ने की। इस दौरान राजेश प्रधान, चन्द्रवीर सिंह, यशपाल राठी, संजीव डांगी, भूदेव प्रधान, कुलबीर सिंह, मोहित ढाका, रवि पंवार, राजेन्द्र पंवार, अशोक कुमार, प्रदीप फौजी, चीमा, हरेन्द्र जवाला के साथ दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

### ■ गत मंगलवार को झिंझाना-भूरा मार्ग पर बेहोश पड़ी मिली थी नाबालिग छात्रा

एनपीटी संवाददाता

**कैराना।** पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में एक नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

गत मंगलवार की दोपहर क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग छात्रा कस्बे के एक इण्टर कॉलेज में हाई स्कूल की परीक्षा देने आई थी। परीक्षा देने के पश्चात छात्रा कॉलेज से घर जाने के लिए निकली थी। जिसे गांव का ही एक बहला फुसलाकर अपनी बाईक पर बैठकर ले गया था। थोड़ी देर बाद ही नाबालिग छात्रा झिंझाना- भूरा मार्ग पर बेहोश मिली थी,जिसके बाद परिजनों ने मौके पर पहुंचकर नाबालिग को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नाबालिग को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया था,जहाँ से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था। मामले में पीड़ित के पिता ने कोतवाली पर तहरीर देकर अंकित व दो अज्ञात के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि पीड़ित पिता की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

# स्टांप वेंडरों को प्रशासन ने किए नोटिस जारी

## वेंडरों की मनमानी से संबंधित समाचार प्रकाशित होने पर हरकत में आया तहसील प्रशासन

एनपीटी संवाददाता

**कैराना।** स्टांप वेंडरों की मनमानी चरम सीमा पर थी। छोटे ई-स्टांप लेने के लिए लोगों को भटकना पड़ रहा था। मामला मीडिया में आने के बाद प्रशासन हरकत में आया और स्टांप विक्रेताओं को नोटिस जारी करके जवाब तलब किया गया है। कचहरी परिसर में आने वाले पीड़ितों को छोटे ई-स्टांप लेने के लिए भटकना पैड रहा था। दस रुपए का स्टांप उन्हें ब्लैक से तीस रुपये में दिया जा रहा था। अधिकतर स्टांप विक्रेता छोटे ई-स्टांप निकालने से ही साफ मना कर देते थे,जिसके बाद पीड़ित इधर उधर भटकते नजर आते थे।कैराना कचहरी परिसर में वैसे तो एक दर्जन से अधिक लाइसेंस धारक स्टांप विक्रेता है। वाबजूद इसके लोगों के सामने समस्या जस की तस बनी हुई थी। सूत्र बताते हैं कि अधिकतर स्टांप विक्रेताओं ने अपने अपने लाईसेंस दूसरे लोगों को कमीशन पर देकर संचालित किया हुआ है। मामला मीडिया में आने के बाद स्थानीय तहसील प्रशसन हरकत में आया और मनमानी कर रहे स्टांप विक्रेताओं को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। संबंधित अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत होने के निर्देश निर्गत किये गए हैं।एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव का कहना है निर्धारित शुल्क से अधिक वसूल करने वाले स्टंप वेंडरों के लाइसेंस ब्लैकलिस्ट किये जाएंगे। मनमानी व कालाबाजारी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्टांप वेंडरों के विरुद्ध आये दिन शिकायती प्राप्त हो रही हैं। जिस को लेकर स्टांप वेंडरों को नोटिस जारी किये गए हैं।

## समाज सेवा संगठन द्वारा होली मिलन कार्यक्रम

बिडौली। बुधवार को समाज सेवा संगठन बावरिया कॉलोनी द्वारा अहमदगढ़ शिव मंदिर स्थित।होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। आयोजन में संगठन के सभी सदस्य व पदाधिकारीयों ने प्रतिभाग किया।एक दूसरों को गुलाल लगाकर रंगों के पर्व होली की बधाई दी। संगठन के संस्थापक डॉ सोनू ने सभी को होली की सुभकामनाये दी। मुस्लिम भाइयों का रमजान का पाक महीना भी चल रहा है और उसी दिन जुम्मा भी है ऐसा में आपसी भाईचारा बनाए रखें सद्भावना व प्यार का देश को संदेश दें। इस मौके पर उपाध्यक्ष संतोष देवी संगठन मंत्री सूरज कुमार प्रचार मंत्री विश्वनाथ राजकुमार सचिन, गौतम कुमार,प्रवक्ता राजकुमार धर्मवीर सिंह, जनरल सिंह, रवि श्याम उपस्थित रहे।

# होली को लेकर बाजार हुए गुलजार

एनपीटी संवाददाता

**चौसाना।** होली व रमजान के चलते बाजार में जमकर चहल-पहल बढ़ रही है। जहां होली की तैयारी के चलते रंग ओर गुलाल, पिचकारी की जमकर खरीदारी चल रही है। वहीं रमजान के चलते फल ओर किरयाना की दुकानों पर भी भीड़ बढ़ती जा रही है। वहीं त्योहारों को लेकर जहां चौसाना पंचायत साफ सफाई को लेकर अलर्ट है, तो वहीं पुलिस प्रशासन भी सतर्क नजर आ रहा है। त्योहारों को लेकर लोगों में भारी उत्साह नजर आ रहा है। होली की तैयारी को लेकर जहां बाजार गुलजार हो रहे हैं, तो वहीं रमजान माह के चलते भी बाजार में हर दिन चहल पहल बढ़ रही है। होली के त्योहार को लेकर नगर व देहात क्षेत्र में गुलाल और रंगों से दुकानें सज रहीं हैं। पूरे दिन दुकानों पर रंग और अबीर गुलाल खरीदने वालो की भीड़ जुट रही है, शुक्रवार को होली का त्योहार मनाया जाएगा। होली पर लोग भाईचारा कायम रखते हुए एक दूसरे के रंग लगाते हैं। इसी परंपरा को बनाए रखने के लिए मंगलवार को बाजारों में रंग और गुलाल, पिचकारियां आदि



सामान की खरीदारी के लिए ग्राहकों की भीड़ जुट रही हैं, इससे बाजार गुलजार हो रहा हैं। दुकानदारों का कहना है कि बाजारों में होली के त्योहार लेकर रौनक लौट आई है। होली को खास तरीके से मनाने के लिए किराने की दुकानों पर खरीदारी को लोगों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई है। ऐसे में किराना दुकानदार चीनी, रिफाइन, मैदा, सूजी आदि सामानों की अधिक से अधिक बिक्री करने में जुट गए हैं। चौसाना के किराना कारोबारी संदीप बिंदल ने बताया होली का असर दुकान पर दिखना शुरू हो गया है। सामान्य दिनों की अपेक्षा 20 प्रतिशत बिक्री बढ़ गई है। हर साल होली के त्योहार पर अबीर गुलाल, पिचकारी, पनीर, मिठाई, कपड़े आदि की वस्तुओं की मांग बढ़ जाती है।

# आशा से मोबाइल लूटने वाला आरोपी मुठभेड में घायल

## कांधला पुलिस ने 12 घंटे के अंदर ही किया लूट का खुलासा, अस्पताल में भर्ती कराया

### ■ पुलिस ने लूटा गया मोबाइल, तमंचा, कारतूस व पानीपत से चोरी बाइक भी की बरामद

एनपीटी संवाददाता

**कांधला।** आशा कार्यकर्त्ती से लूट के मामले का पुलिस ने 12 घंटे से भी कम समय में खुलासा करते हुए लूट में शामिल बदमाश को मुठभेड के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बदमाश के पास से चोरी की बाइक, तंमचा, जिंदा कारतूस के साथ लूटा गया मोबाइल बरामद किया है।

नगर के मौहल्ला रायजादगान निवासी शिव कुमार सैनी की पत्नी सविता सैनी नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आशा के पद पर



कार्यरत है। मंगलवार की शाम लगभग पांच बजे वह अपना कार्य पूर्ण करके वापस अपने घर लौट रही थी तो घर से चंद कदम पहले ही एक युवक ने उसका पर्स व मोबाइल छीन कर फरार हो गया था। जो पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था। घटना के बाद पीडिता ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। जिसके बाद पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करते हुए जल्द ही पीडिता को घटना के खुलासे का आश्वासन दिया था। बुधवार की अल सुबह पुलिस को सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध युवक खन्द्रावली नहर की पटरी के समीप किसी घटना को अंजाम देने के उदेदश्य से खडा है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार ने खन्द्रावली चौकी प्रभारी पुष्पेन्द्र कुमार व पुलिस टीम को साथ लेकर मुखबिर द्वारा बताई गए स्थान पर पहुंचे तो वहां खडे युवक ने पुलिस टीम को देखते हुए भागने का प्रयास किया। पुलिस के पीछा करने पर उसने पुलिस के ऊपर फायर झोंक दिया। जिस पर पुलिस के द्वारा जबाबी कार्यवाही में बदमाश के पैर में गोली लग गई। जिसके बाद घायल बदमाश को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय में भेज दिया गया। पूछताछ के दौरान युवक ने मंगलवार को महिला से हुई लूट की घटना को कबूलते हुए महिला से लूटा गया मोबाइल बरामद करा दिया। इस दौरान पुलिस ने बदमाश के पास से चोरी की एक बाइक, एक तंमचा, दो जिंदा कारतूस व एक खोखा बरामद किया है। बदमाश के पास से मिली बाइक पानीपत के चांदीबाग से चोरी की गई थी। वही आरोपी बदमाश पर पूर्व में भी थाना कांधला में चार अभियोग पंजीकृत थे। पुलिस के द्वारा 12 घंटे से भी कम समय में घटना के खुलासा करने पर सोशल मीडिया पर तारीफ हो रही है।

**सीतापुर में पत्रकार की हत्या पर जताया कडा आक्रोश**

शामली। सीतापुर में पत्रकार की हत्या पर जर्नलिस्ट एसोसियेशन आफ इंडिया ने कडा आक्रोश जताते हुए मुख्यमंत्री से आरोपितों के खिलाफ कडी से कडी कार्रवाई करने, मृतक पत्रकार के परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा व एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। संगठन के जिलाध्यक्ष सलेक चंद वर्मा ने कहा कि सीतापुर जिले में पत्रकार राघवेन्द्र सिंह की गोली मारकर हत्या की घटना निंदनीय है, पत्रकारों की स्वतंत्रता पर हमले होना एक चिंता का विषय है। उन्होंने घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए सरकार से इस मामले की मजिस्ट्रीयल जांच कराने, आरोपितों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने तथा मृतक पत्रकार के आश्रितों को 50 लाख रुपये का मुआवजा व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की।

# पैट्रोल पम्प होने के बावजूद भी खुलेआम बेचा जा रहा पैट्रोल

## दुकानों में भरे पैट्रोल से हो सकता है कभी भी बड़ा अग्निकाण्ड, अधिकारियों ने चुप्पी साधी, मिलावटी तेल के कारण खराब हो रहा बाइकों का इंजन

एनपीटी संवाददाता

**कैराना।** कस्बे में दो पैट्रोल पम्प संचालित है,इसके बावजूद भी खुलेआम दुकानों पर मिलावटी डीजल व पैट्रोल बेचा जा रहा है,जिससे कभी भी बड़ा अग्निकाण्ड हो सकता है। संबंधित अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है। कस्बे में वर्तमान समय में दो पैट्रोल पम्प संचालित हैं,जबकि एक निमार्णाधीन है। बावजूद इसके आज भी कस्बे में खुलेआम मिलावटी डीजल व पैट्रोल बेचा जा रहा है,जिससे कभी भी बड़ा अग्निकाण्ड होने की संभावनाएं बनी हुई हैं। पूर्व कस्बे की ऐतिहासिक ईदगाह के निकट डीजल व पैट्रोल के ड्रमों में अज्ञात कारणों से आग लग गई थी। अग्निकाण्ड के बाद आसपास अफरा तफरी मच गई थी। मौके पर फायर ब्रिगेड ने पहुँचकर आग पर



### शासन के आदेशों की उड़ाई जा रही धज्जियां

शासन की ओर से सड़क हादसों में कमी लाने के लिए अनेकों जतन किये जा रहे हैं,मगर आदेशों को अमली जामा नहीं पहनाया जा रहा है।कस्बे में स्थित पेट्रोल पंपों पर वैसे तो शासन द्वारा निर्गत आदेशों के बाद " नो हेलमेट, नो फ्यूल के बोर्ड लगे हुए हैं,लेकिन यहां शासन के आदेशों का पालन होता नजर नहीं रहा है। बिना हेलमेट पहने वाहन चालकों को बिना रोक टोक डीजल व पैट्रोल दिया जा रहा है।

काबू पाया था। आज भी इमामगेट पुलिस चौकी व संबंधित अधिकारियों की शह पर खुलेआम दुकानों पर मिलावटी पैट्रोल व डीजल धड़ल्ले के साथ बेचा जा रहा है,जिन्हें कोई रोकने टोकने वाला नहीं है। इस मिलावटी तेल से वाहन संचालकों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। तेल माफिया मिलावट करके 110 रुपए प्रति लीटर बेच रहे हैं,जिससे उनकी बाइकों के इंजन खराब हो रहे हैं। मैकेनिकों का कहना है कि मिलावटी तेल डालने के कारण बाइकों का इंजन खराब हो रहा है।

### पैट्रोल पम्प से किनारा क्यों

कस्बे में दो पैट्रोल पम्प मौजूद होने के बाद भी आखिर वाहन चालक उनसे किनारा करके मिलावटी तेल लेने को क्यों मजबूर हैं,जबकि मिलावटी तेल की कीमत पैट्रोल पम्प से कहीं ज्यादा है,फिर भी मिलावटी तेल लेने को मजबूर होना पड़ रहा है। आखिर कारण क्या है,जो वाहन संचालक पैट्रोल पम्प से मुंह मोड़ रहे हैं। कुछ वाहन संचालकों के यह भी कहना है कि कस्बे में स्थित पैट्रोल पम्पों पर मिलने वाले तेल से वाहन एवरेज नहीं दे पा रहे हैं और मकैनिक का कहना है कि इन पेट्रोल पंपों पर जो तेल बिक रहा वो मिलावटी हैं। इनके स्थान पर ऊंचागांव पैट्रोल पम्प वाहन चालकों की पहली पसंद बन गया है।

**इन्होंने कहा...**

अवैध रूप से डीजल पैट्रोल की बिक्री नहीं होने दी जायेगी। टीम भेजकर ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।साथ ही कस्बे में स्थित पैट्रोल पम्पों पर विक्रय किये जा रहे तेल की भी जांच कराई जाएगी।

**-स्वप्निल कुमार यादव**
एसडीएम कैराना

# न्यायालय के आदेश पर शत्रु संपत्ति की पैमाइश को पहुंची राजस्व टीम

### ■ उच्चतम न्यायालय द्वारा शत्रु संपत्ति को कब्जामुक्त कराने के दिये गए थे निर्देश

एनपीटी संवाददाता

**कैराना।** उच्चतम न्यायालय के आदेश पर राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर शत्रु संपत्ति की पैमाइश की। जिसके बाद कब्जाधारियों में हड़कंप मचा रहा।

रामड़ा रोड पर स्थित खाली पड़ी शत्रु संपत्ति की भूमि को खाली कराने के उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद तहसीलदार कैराना अर्जुन चौहान के नेतृत्व में राजस्व टीम मौके पर पहुंची और भूमि की पैमाइश की। इस दौरान कब्जाधारियों में हड़कंप मचा रहा। बताते चलें कि अनवर अली पुत्र बाबर अली निवासी मोहल्ला कलालान कैराना ने इससे पूर्व भी मंडलायुक्त सहारनपुर को शिकयती पत्र देकर लगभग ढाई बीघा शत्रु



संपत्ति की भूमि पर कब्जा करके मुर्गी फार्म निर्माण करने का आरोप लगाया था। जिसके बाद मंडलायुक्त सहारनपुर ने तहसील प्रशासन को भूमि की पैमाइश कराकर कब्जामुक्त कराने के निर्देश निर्गत किये थे। तत्कालीन एसडीएम कैराना शिव प्रकाश यादव ने राजस्व टीम भेजकर भूमि की पैमाइश कराते हुए कुछ हिस्से को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कराया था,लेकिन शिकायतकर्ता राजस्व टीम की कार्रवाई से संतुष्ट नही थे,जिसके बाद उन्होंने उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की थी। जिसका संज्ञान लेकर न्यायालय ने जिला प्रशासन को भूमि की पैमाइश कराकर कब्जामुजत कराने के निर्देश दिए थे।निदेशों के अनुपालन में आज बुधवार की दोपहर तहसीलदार कैराना अर्जुन चौहान के नेतृत्व में राजस्व टीम मौके पर पहुंची और भूमि की पैमाइश की। जिसके बाद कब्जाधारियों में हड़कंप मचा रहा। इस मामले में न्यायालय द्वारा पूर्व में ही न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत न होने पर बी डब्ल्यू वारंट जारी किए हुए हैं। जिस कारण यह चारों लोग मौके से नदारद रहे।

## 19 मार्च को होगा पूर्व सैनिक रैली का आयोजन

शामली। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल अजय कुमार ने बताया कि शामली जनपद में कई वर्षों के बाद 19 मार्च को पूर्व सैनिक पुनर्मिलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सैनिकों, वीरांगनाओं व उनके परिजनों को सम्मानित भी किया जाएगा, साथ ही भूतपूर्व सैनिकों की पेंशन संबंधी समस्याओं का निवारण भी किया जाएगा जिसके लिए स्पर्श की टीम को आमंत्रित किया गया है। इस रैली में भूतपूर्व सैनिक कैंटीन एवं मेडिकल सुविधाओं का भी लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि सभी भूतपूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं एवं उनके परिजनों के आवागमन हेतु सैनिक बस उपलब्ध करायी जाएगी। बस एलम, थानाभवन एवं खोडसमा में लगायी जाएगी।

**आवश्यकता है**

दैनिक नेशनल प्रेस टाइम्स में शामली थानाभवन जलालाबाद झिंझाना चौसाना बिडौली गढ़ी पुख्ता एलम बनत आदि स्टेशनों पर रिपोर्टरो की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
**आदिल राणा**
जिला प्रभारी शामली
9082190000,9997173786

# अंगिका मिलन सह सम्मान समारोह - 2025 में कई महानुभावों को किया गया सम्मानित

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), अंगिका समाज अंग, पाकुड़ के तत्वावधान में अंगिका मिलन सह सम्मान समारोह - 2025 का महेन्द्र मिश्र, डॉ. बिन्दुभूषण, राहुल कुमार, रमेश चन्द्र सिंह, सिताबी राय, भागीरथ तिवारी, डॉ. मनोहर कुमार, कैलाश झा, संजय कुमार शुक्ला के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। स्वागत भाषण प्रदेश उपाध्यक्ष भागीरथ तिवारी जी ने अपने सम्बोधन में समस्त आगन्तुकों का हार्दिक अभिनन्दन व स्वागत कर अंगिका समाज के अतीत व वर्त्तमान पर विशेष चर्चा किया। सचिव संजय कुमार शुक्ला ने अंगिका समाज में सत्र 2024-25 में अब तक के किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से बोले कि अंगिका समाज के द्वारा नारायण सेवा, गरीब पांच कन्या की शादी मे सहयोग, अनाथालय में भोजन का सहयोग, स्वास्थ्य सहायता, योग कक्षाएं, आदि कार्य किए गये। सेवानिवृत प्रधानाध्यापक महेन्द्र मिश्र ने सम्बोधन मे कहे कि अंग क्षेत्र का इतिहास अति प्राचीन है, बाल्मीकि रामायण में वर्णित है कि त्रेता युग में अंग देश के राजा रोमपाद थे, जो राजा दशरथ के मित्र थे। द्वापर में कृष्ण अवतार लिए, इस काल में दुर्योधन ने अपने मित्र कर्ण को अंग देश का राजा बनवाया था, अंग देश की राजधानी भागलपुर था।भागलपुर का कर्ण गढ़ इसका प्रमाण है। सुपौल के समदा में भी कर्णगढ़ है। डॉ. बिन्दुभूषण ने सम्बोधन में कहे कि 7 वीं सदी में वामन जयादित्य द्वारा रचित ग्रन्थ ₹कोशिका वृत्ति₹ में उल्लेख है कि प्राचीन भारत के 16 महाजनपदों में एक अंग महाजनपद था और इसकी प्रचलित भाषा ₹आंगी₹ थी।जो आगे जाकर अंगिका में परिणत हो गया , आज भी हमलोग अंगिका में ही बोलते हैं। रमेश चन्द्र सिंह, सेवानिवृत सिविल अभियन्ता ने अपने सम्बोधन में कहा कि -बौद्ध ग्रन्थ ₹ललित विस्तार₹ में 64 लिपियों की सूची में अंग लिपियों की सूची में अंग लिपि चतुर्थ स्थान पर अंकित हैं । 16 महाजनपदों के मानचित्र में भी अंग देश अंकित हैं। राहुल कुमार जी ने कहा कि भाषा के आधार पर 1912 ई० में बंगाल से बिहार एवं उड़ीसा राज्य अलग हुआ। तत्कालीन गवर्नर जेनरल वारेन हेस्टिंग्स ने बिहार को चार जिलों में बांटा, जिसमें एक जिला भागलपुर था , जिसके अन्तर्गत अंग जनपद था। अंग क्षेत्र का इतिहास बड़ा ही गौरवशाली रहा है। उक्त अवसर पर भाजपा नेता हिसाबी राय ने कहा कि अंगिका क्षेत्र 1790 ई. में इस जिला के एक भाग का नाम जंगलतरी जो आज हमलोग संतालपरगना के नाम से जानते हैं, यहां मिदनापुर, बांकुड़ा, वीरभूम, एवं सिंहभूम से जनजातियों को लाकर बसाया गया, 1829 में भाषाई आधार पर चार प्रमंडल बनाए गए तो भागलपुर प्रमंडल के अन्तर्गत जंगली के इस भाग को संतालपरगना जिला बनाया गया । वर्तमान में अब यह स्वंय प्रमंडल है, इसके अन्तर्गत छः जिले हैं ।

आज पाकुड की पथरीली धरती पर अंगिका समाज का एकत्रीकरण मील का पत्थर साबित होगा। भाजपा नेता दुर्गा मराण्डी ने कहा कि अंग प्रदेश और अंगिका भाषा अत्यन्त प्राचीन है, वर्त्तमान में अंग क्षेत्र बिहार, झारखंड एवं पश्चिम बंगाल के विभिन्न प्रमंडल में फैला हुआ हुए। सेवानिवृत्त रेलवे गार्ड सिताबी राय ने कहा कि आइए अंगिका समाज को आगे बढ़ाने में पूरे मनोयोग से हमसब मिलकर काम करने का संकल्प लें, अंगिका समाज का सदस्य बनें , और अंगिका क्षेत्र की गौरवशाली सभ्यता, संस्कृति, भाषा- परम्परा को समृद्ध-जीवंत बनाए रखने का सार्थक प्रयास करे।

# आईआईएम, बौद्ध गया में पाकुड़ प्रखण्ड के 14 मुखिया लेंगे प्रशिक्षण

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), पंचायती राज विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा प्रबंधन विकास कार्यक्रम के तहत आईआईएम, बौद्धगया में 17 मार्च से 21 मार्च 2025 तक आयोजित होने वाले पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में पाकुड़ जिले से 14 मुखिया प्रशिक्षण में भाग लेंगे। जिसमें प्रखंड अमड़ापाड़ा से साहेबजन टुडू, ग्राम पंचायत- जराकी, सोम मरांडी, ग्राम पंचायत- जामुगड़िया, प्रखंड हिरणपुर से नायका सोरेन, ग्राम पंचायत- घाघरजानी, स्टेफन मुर्मू, ग्राम पंचायत- केंदुआ, प्रखंड लिट्टीपाड़ा से शिव टुडू, ग्राम पंचायत- लिट्टीपाड़ा, रामधन मुर्मू , ग्राम पंचायत- नवाडीह, जोसफ मालतो, ग्राम पंचायत- जोरडीहा, समीर किस्कु, ग्राम पंचायत- बीचमहल, प्रखंड महेशपुर से मनोज मरांडी, ग्राम पंचायत- देवीनगर, साईमन हेम्ब्रम ग्राम पंचायत-बाबूदाहा,श्री सुनिराम मुर्मू , ग्राम पंचायत- गायबथान, जोगेश्वर हेम्ब्रम, ग्राम पंचायत- बड़कियारी, प्रखंड पाकुड़ से हजरत बेलाल, ग्राम पंचायत- नवादा समेत मुखिया अब्दुस समद, ग्राम पंचायत- इलामी भाग लेंगे।

# होली पर्व को ले पाकुड़ प्रशासन हाई अलर्ट पर, हर गतिविधियों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), रंगों की त्यौहार होली पर्व को शान्तिपूर्ण माहौल में आपसी सौहार्द के साथ मनाये जाने को लेकर पाकुड़ जिला प्रशासन एक्टिव नजर आ रहे हैं। इस दिशा में बुधवार को पाकुड़ पुलिस ने पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार की निर्देश पर एसडीपीओ डीएन आजाद के नेतृत्व में मालपहाड़ी / मुफस्सिल थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान पुलिस के जवान एक्टिव देखे गये। सड़कों पर पाकुड़ पुलिस की क्रियाशीलता देख हुड़दंग करने वाले मनचलों समेत अप्रिय गतिविधियों में संलिप्त असमाजिक तत्वों के हृदय में निश्चित रूप से खौफ का मंजर होगा। वही सीडीपीओ न आजाद ने कहा कि मंगलवार को जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक के आलोक में होली त्यौहार को ले उपायुक्त, पाकुड़ एवं पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ के द्वारा दिये गये इंस्ट्रक्शन के अनुपालानार्थ में ही आज पाकुड़ ज़िले के मालपहाड़ी ओपी थाना क्षेत्र समेत पाकुड़ मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सेंसिटिव एरिया में फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है और आगामीकाल भी पाकुड़ नगर समेत हिरणपुर थाना क्षेत्र में भी फ्लैग मार्च निकाला जायेगा। उन्होंने सख्त लिहाजे में कहा कि हुड़दंग करने वालों को किसी भी सुरात में बख्से नहीं जायेंगे। कहा हुड़दंग करते हुए पकड़े जाने वाले मनचलों पर कड़ी से कड़ी कारवाई की जायेगी। साथ ही डीजे बजाने पर भी सख्त प्रतिबंध रहेगा।

# अधिकारी ने हिरणपुर बाजार में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), हिरणपुर बाजार स्थित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का जांच खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी धनेश्वर हेम्ब्रम द्वारा किया गया। जांच के क्रम में कोल्ड ड्रिंक, चिप्स, मसाले के पैकेट इत्यादि की जांच की गई। जांच के क्रम में एक दुकान से 10 ग्राम वाले 29 मिर्च पैकेट एक्सपायर पाया गया, जिसे नोटिस देते हुए नष्ट करवा दिया गया। निरीक्षण के दौरान छेना, खोवा, तेल एवं अन्य मिठाई का नमूना संग्रह किया गया, उसे जांच हेतु खाद्य जांच प्रयोगशाला भेजा जायेगा। बताया गया कि कुछ खाद्य कारोबारी द्वारा खाद्य प्रतिष्ठान में फूड लाइसेंस पंजीकरण का डिस्प्ले नहीं किया गया तथा अखबारों का इस्तेमाल खाद्य सामग्री ढकने में करता हुआ पाया गया। कुछ दुकानों में गंदगी पाई गई। सभी को नोटिस देते हुए अग्रतर कारवाई की जायेगी। साथ ही लड्डू, जलेबी, आलू चोप, पकोड़ी एवं हल्दी में रंगों की जांच की गई।

# एनीमिया मुक्त भारत को ले उपायुक्त मनीष कुमार ने की बैठक



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में एनीमिया मुक्त भारत को ले समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर सिविल सर्जन मंटू कुमार टेकरीवाल ने कहा कि एनीमिया एक गंभीर बीमारी है, जो शारीरिक व मानसिक क्षमता को प्रभावित करता है। यह विश्व में सबसे अधिक पाई जाने वाली पोषण संबंधी में से एक है। भारत में आधा से ज्यादा आबादी एनीमिया से पीड़ित हैं। एनीमिया बच्चों, महिलाओं, किशोर व किशोरियों को अधिक प्रभावित करती है। शरीर में खून की कमी होने पर लोग एनीमिया से प्रभावित हो जाते हैं। उन्होंने एनीमिया मुक्त भारत सप्ताह जो 17 मार्च 2025 से 29 मार्च 2025 के दौरान लक्षित जनसंख्या जो 06 से 59 माह के बच्चे, पांच से नौ वर्ष के बच्चे, 10 से 19 वर्ष के किशोर- किशोरियों, गर्भवती एवं धात्री महिलाएं शामिल हैं कि हिमोग्लोबिन की जांच एवं उपचार, एनीमिया से बचाव के लिए सभी लक्षित आयुवर्ग में आइएफए का संपूर्ण आहार, लौहयुक्त भोजन को बढ़ावा देने के लिए लोगों के बीच जागरूकता का प्रसार करने का निर्देश दिया। उपायुक्त महोदय श्री मनीष कुमार ने अधिकारियों को स्वास्थ्य कर्मियों को पर्याप्त प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया।

वहीं आइएफए की पर्याप्त आपूर्ति एवं वितरण करने को कहा। अस्पतालों में रोस्टर के अनुसार डॉक्टर्स एवं मेडिकल स्टाफ की ड्यूटी आदि के बारे में विमर्श किया। कहा स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाएं और अस्पतालों में मरीजों को बेहतर इलाज दें। सभी बिंदुओं पर पीपीटी के माध्यम से डीडीएम आईडीएसपी के द्वारा जानकारी दी गई।

# हेमन्त कैबिनेट की बैठक में 31 प्रस्तावों पर लगी मोहर

## रेगुलेटेड और पावर सेक्टर के कोयला में लगेगा सेस

**एनपीटी, रांची**

झारखण्ड कैबिनेट की बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मोहर लगी है। दरअसल होली के पहले मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में झारखण्ड कैबिनेट की बैठक बुधवार हुई। इस बैठक में करीब 31 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी। एक बड़ा फैसला लेते हुए तीन कर्मचारियों के नियमितिकरण पर कैबिनेट ने मुहर लगायी। हाईकोर्ट के फैसले के बाद तीन कर्मियों की सेवा नियमितिकरण पर मुहर लगी है। हेमन्त सरकार 2. 0 की बैठक में 31 प्रस्तावों में से झारखण्ड सेविका सहायिका चयन नियमावली में संशोधन, उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में तीन कर्मियों की सेवा नियमित की गई, राज्यपाल के अभिभाषण पर घटनोतर स्वीकृति,



एल ख्यांगते को जेपीएससी का अध्यक्ष बनाए जाने के प्रस्ताव को घटनोतर स्वीकृति, पीडीएस दुकानों में ई पोश मशीन के लिए कंपनी को अवधि विस्तार, उच्च न्यायालय के विधि पदाधिकारी के शुल्क निर्धारण को मंजूरी, अपर न्याययुक्त के न्यायालय को विशेष न्यायालय का दर्जा, राधे श्याम मांझी तत्कालीन अभियंता के अधिरोपित दंड को परिमार्जित किया गया, स्वर्गीय नागेंद्र सिन्हा एयर एम्बुलेंस से ले जाने के व्यय को मंजूरी, ओरमांझी जैविक उद्यान में भगवान बिरसा की 9 फीट की प्रतिमा लगेगी, इसमें होंगे 25 लाख खर्च, राम सुतार बनाएंगे मूर्ति, चिकित्सा महाविद्यालय में तीन वर्षों के आवश्यक सेवा के नियमावली में संशोधन, झारखण्ड माल एवं सेवाकर संशोधन विधेयक को मंजूरी, लातेहार के सिकनी खान के पट्टे को अवधि विस्तार मिला, रेगुलेटेड और पावर सेक्टर के कोयला में लगेगा सेस, आंधी तूफान तथा लू को आपदा में शामिल किया गया, झारखण्ड के पुलिस भर्ती नियमावली गठित, झारखण्ड खनिज धारित भूमि अधिनयम में संशोधन व डिस्पैच के दरों में बढ़ोतरी समेत अन्य प्रस्तावों पर झारखण्ड कैबिनेट की मोहर लगी है।

# बालिका उच्च विद्यालय की स्थापना हेतु विधायक ने बजट सत्र में उठाई आवाज

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), विधायक ने बजट सत्र में महेशपुर में कन्या उच्च विद्या?लय एवं खारूटोला में उच्च विद्या?लय नहीं रहने का मामला उठाया है। दरअसल झारखण्ड विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान महेशपुर विधानसभा क्षेत्र से हैट्रिक लगाये विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने महेशपुर प्रखण्ड मुख्यालय में एक भी कन्या उच्च विद्या?लय नहीं रहने का मामला उठाया है। विधायक? ने मंत्री स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को तारांकित प्रश्न करते हुए कहा क्या यह बात सही है की पाकुड़ जिला अन्तर्गत महेशपुर प्रखण्ड मुख्यलय में एक भी कन्या उच्च विद्या?लय मौजुद नहीं है। प्रखण्ड मुख्यालय में एक भी कन्या उच्च विद्या?लय नहीं



रहने के कारण वहां की छात्राओं को पढ़ाई करने में काफी कठिनाई?यों का सामना करना पड़ता है। विधायक ने प्रश्न चिन्ह लगाते हुए आवाज बुलंद किया क्या सरकार महेशपुर प्रखण्ड मुख्यालय में एक कन्या उच्च विद्या?यल के निर्माण की विचार रखती है। साथ ही विधायक? प्रो. स्टीफन मरांडी ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से मंत्री स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से प्रश्न किया महेशपुर प्रखण्ड के अर्जुन?दहा पंचायत के खारूटोला में एक भी उच्च विद्या?लय नहीं है। खारूटोला में उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण लगभग 350 विद्यार्थियों? को 10-11 किमी. दुर पर अवस्थित बिरकीट्टी उच्च विद्या?लय शिक्षा ग्रहण करने हेतु जाना पड़ता है ।

तो क्या सरकार खारूटोला में एक उच्च विद्यालय निर्माण करने का विचार रखती हैं। इस पर विभागीय मंत्री ने कहा जिला समिति से खारूटोला मध्य विद्या?लय के उतक्रमण हेतु निर्धारित मानक के अनुरूप रहने के सम्बन्ध में विधिवत प्रस्ताव प्राप्त होने पर राज्यस्तरीय समिति के पास प्रस्ताव रखा जायेगा।

# महिला की हुई मौत की वृतांत पर संशय का आलम, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हो सकती है खुलासा

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), हिरणपुर थाना क्षेत्र के उपरबांधा गांव के लखीराम बास्की के घर से थोड़ी ही दूरी पर एक गड्ढे में राजीपुर गांव के एक महिला अचेतना अवस्था में पड़े रहने से क्षेत्र में सुगबुगाहट का आलाम जगजाहिर है। लोग तरह-तरह की आंशका जता रहे हैं। बताया जा रहा है सूचना मिलते ही हिरणपुर थाना पुलिस मौके पर आये और अचेतना अवस्था में पड़े रहे कमली मुर्मू को उपचार के लिए सदर अस्पताल सोनाजोड़ी ले जाया जा रहा था कि कहा जा रहा है कि महिला की मौत रास्ते में ही हो गई। वही मृतक महिला की पति शिवलाल टुडू घर में नहीं था, वो रोजगार के लिए कोलकाता गया हुआ था। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। खबर मिलते ही मृतक की पिता होपना मुर्मू भी आया जो वृतांत पर आशंका जताया। मृतक कमली मुर्मू के पिता होपना मुर्मू ने बताया कि मृतक कमली मुर्मू की तीन छोटे - छोटे संतान है, जिनमें करीब 10 वर्षीय बेटी एवं करीब 6 वर्षीय सुशांत टुडू व 8 वर्षीय सुरज टुडू यानी दो बेटे हैं। वही थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि घटना प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है, महिला प्रेमी के घर के पास ही जहर खा लिया था, जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां उनकी मौत हो गई। घटना की जांच पड़ताल चल रही है। बाहरेहाल जो भी हो पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के पश्चात ही वृतांत की असलियत पर पर्दाफश हो सक ता है। समाचार लिखे जाने तक पोस्टमॉर्टम कराने की दिशा में आवश्यक कारवाई जारी था।

# दुमका विश्वविद्यालय के पाकुड़, साहेबगंज व गोड्डा बीएड कॉलेज की मान्यता रद्द करने के निर्णय हो वापस, विधायक निशात आलम ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**एनपीटी ब्यूरो**

रांची, पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक निशात आलम ने रांची स्थित कार्यालय में झारखण्ड सरकार के उच्च शिक्षा तकनीकी एवं नगर विकास मंत्री सुदीप्त कुमार सोनू से मुलाकात कर सिद्धू-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के अधीन साहिबगंज पाकुड़ और गोड्डा बीएड कॉलेज की मान्यता को एनसीटीई द्वारा वापस लेने के निर्णय पर पुनः विचार करने की मांग को लेकर मुलाकात कर एक ज्ञापन सौपा है। विधायक ने बताया कि झारखण्ड का साहिबगंज पाकुड़ और गोड्डा काफी पिछड़ा इलाका है। यहां पर आदिवासी, अल्पसंख्यक एवं ओबीसी वर्ग के लोग काफी निवास करते हैं एवं काफी संख्या में इसके विद्यार्थी भी



है। इन तीन जिलों के बीएड कॉलेज में छात्र-छात्राएं पढ़ाई करते हैं। यहां का कॉलेज की मान्यता पिछले दिनों रद्द होने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिस कारण यहां के छात्रों का भविष्य अंधकार हो जायेगा, यहां के बच्चे अब बीएड करने के लिए आखिर कहां जायेंगे? क्योंकि बीएड कॉलेज की मान्यता रद्द होने की सूचना मिल रही है। ऐसे में संथाल परगना के सिद्धू कानू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के अधीन इन तीन बीएड कॉलेज की मान्यता को रद्द न करते हुए पढ़ाई जारी रखा जाए, ताकि यहां के बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके। इस सम्बन्ध में विधायक ने बताया कि मंत्री सुदीप्त कुमार सोनू ने कहा कि हमारे झारखण्ड सरकार विद्यार्थियों के साथ भेदभाव होने नहीं देगी, यहां के विद्यार्थी चिंता नहीं करे, सरकारी स्तर पर अधिकारी इस संबंध में बात कर रहे हैं।

# शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं कर रहे अंचलाधिकारी, आदेशों की हो रही अवहेलना- फारोग हसन

एनपीटी ब्यूरो, बरहरवा शेरशाहबादी समुदाय के लोगों को उनकी जाति का प्रमाण पत्र निर्गत करने में प्रशासनिक लापरवाही का मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। मंगलवार को आल झारखण्ड शेरशाहबादी सोसाइटी के प्रतिनिधि मंडल, जिसमें मो. अजमाइल और अशरफ हुसैन शामिल थे, ने साहिबगंज उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर बरहरवा अंचलाधिकारी रामजी वर्मा के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की मांग की।प्रतिनिधि मंडल ने आरोप लगाया कि अंचलाधिकारी रामजी वर्मा, अपर समाहर्ता के पत्रांक-800 के आदेशों का अनुपालन नहीं कर रहे हैं और शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र जारी करने में अनदेखी कर रहे हैं। इस गंभीर मामले पर उपायुक्त ने ज्ञापन प्राप्त करने के बाद अपर समाहर्ता से वार्ता करने को कहा। वार्ता के दौरान अपर समाहर्ता ने स्पष्ट किया कि वे उपायुक्त के माध्यम से अंचल अधिकारी को हार्ड नोटिस जारी करेंगे और उन्हें शीघ्र जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने का निर्देश देंगे। यदि इसके बावजूद भी प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया, तो संबन्धित अंचलाधिकारी पर विभागीय कार्रवाई की जायेगी। शेरशाहबादी समुदाय के लोगों को अब तक ₹शेखर₹ जाति प्रमाण पत्र दिया जा रहा है, जबकि वे वर्षों से अपनी सही जातीय पहचान के लिए संघर्ष कर रहे हैं। प्रशासन की इस उदासीनता के कारण न केवल उनका संवैधानिक अधिकार प्रभावित हो रहा है, बल्कि अनुच्छेद 16(4) के तहत मिले आरक्षण के लाभ से भी वे वंचित रह रहे हैं। शेरशाहबादी समुदाय पिछले 13 वर्षों से प्रशासनिक प्रक्रियाओं का इंतजार कर रहा है। बार-बार आश्वासन मिलने के बावजूद जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किए जा रहे हैं। समुदाय के नेताओं ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि जल्द से जल्द जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं हुआ, तो वे सड़क पर उतरकर बड़ा आन्दोलन करेंगे।

# आविप ने गार्डेनिया गीतांजलि सोसायटी पर चस्पा किया नोटिस

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गाजियाबाद। सेक्टर-18 स्थित गार्डेनिया गीतांजलि सोसायटी के निवासियों की परेशानी बढ़ती जा रही है। चौबीस घंटे के अंतराल में अब दूसरी चेतावनी आवास विकास परिषद की ओर से सोसायटी में चस्पा किया गया है। सोमवार को जहां आविप का करीब 110 करोड़ बकाया चुकता न करने पर बिल्डर की इस संपत्ति की नीलामी का नोटिस तहसील की ओर से चस्पा किया गया। वहीं, मंगलवार दोपहर में आवास विकास परिषद की ओर से सोसायटी गेट पर एक बैनर लगाया गया जिसमें सोसायटी में किसी भी तरह के फ्लैटों के क्रय और विक्रय को ही अवैध बताया गया है।

आविप की ओर से चस्पा इस नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि इस ग्रुप हाउसिंग भूखंड पर बिल्डर के आवास विकास की धनराशि अवशेष है। साथ ही निर्माणकर्ता की तरफ से परिषद से पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं किया गया है। ऐसे में कोई भी यहां पर फ्लैटों का क्रय विक्रय करेगा तो उससे होने वाले आर्थिक नुकसान की सभी जिम्मेदारी खरीदार की होगी।

सोसायटी में दो-दो नोटिस चस्पा होने के बाद से यहां के लोगों में काफी गुस्सा है। गार्डेनिया गितांजलि फ्लैट बायर्स वेलफेयर एसोसिएशन पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गार्डेनिया बिल्डर के डायरेक्टर और आवास विकास के जिम्मेदार अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पदाधिकारियों का कहना है कि सरकारी आविप अधिकारियों की मिली भगत से ही दो सौ फ्लैटों के ओनर्स के साथ छल कपट हुआ है।

विभाग अपना कार्य कर रहा है, यहां रह रहे लोगों का क्या होगा यह शासन स्तर का मामला है, वहीं से निस्तारित किया जाएगा। बिल्डर पर बकाया है, ऐसे में विभाग आवश्यक कार्यवाही करेगा ही।

**नृपेंद्र बहादुर सिंह, संपत्ति प्रबंधक, आवास विकास**






































स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।

# जाह्नवी कपूर की अगली फिल्म की हुई घोषणा

हैदराबाद। अभिनेत्री जाह्नवी कपूर निर्देशक कोराताला शिवा की आने वाली फिल्म में दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार एनटीआर जूनियर के साथ नजर आएंगी। फिल्म निमार्ताओं ने सोमवार को इसकी घोषणा की। जाह्नवी कपूर इस फिल्म के साथ दक्षिण भारतीय फिल्मों में अपनी पारी का आगाज करेंगी। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अभिनेत्री जाह्नवी कपूर एनटीआर के साथ फिल्म में नजर आएंगी। अभिनेत्री का आज 28वां जन्मदिन है।

उन्होंन इस खास मौके पर सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर लिखा, आखिरकार यह हो रहा है। अपने पसंदीदा अभिनेता जूनियर एनटीआर के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं।

जूनियर एनटीआर की यह 30वीं फिल्म होगी। इसके निमार्ता एनटीआर आट्र्स के हरि कृष्णा के और युवसुधा आट्र्स के सुधाकर मिकिलिनेनी हैं। अनिरुद्ध रविचंदर इसका संगीत देंगे। जाह्नवी कपूर आखिरी बार फिल्म मिली में नजर आई थीं, जो मलयालम फिल्म हेलेन का हिंदी रूपांतरण थी।



# अमिताभ बच्चन से जावेद अख्तर तक, अब इन सेलेब्स के घर नहीं होता होली का जश्न


## इन कारणों से रंग में पड़ा भंग


हिंदी सिनेमा में हर त्योहार का गूंज धमाकेदार होती है। होली हो या दिवाली हर त्योहार पर जमकर सेलेब्स सेलिब्रेट करते हैं। अब होली 2025 का मौका है बॉलीवुड के वो यादगार होली पार्टी आपको बताते हैं जब यश चोपड़ा, राज कपूर से लेकर अमिताभ बच्चन की होली पार्टी जब खूब उड़ा का खुशियों का गुलाल।

होली 2025 पर बॉलीवुड की मशहूर होली पार्टी, जब खूब उड़ा गुलाल और जमकर हुआ डांस व मस्ती शाहरुख खान से लेकर अजय देवगन सभी ने इन पार्टीज में शिरकत ली, जमकर भांग पी और रंग उड़ाए

बॉलीवुड में यश चोपड़ा, अमिताभ बच्चन, राज कपूर से लेकर जावेद अख्तर की होली पार्टी काफी मशहूर रही है

एक समय था जब हिंदी फिल्मों में भारतीय त्योहारों की बानगी खूब देखने को मिलती थी। होली को तो खूब तामझाम और ग्लैमर अंदाज में फिल्माया जाता था। इतना ही नहीं, फिल्मी सितारे तो निजी स्तर पर भी काफी फिल्मी अंदाज में होली का आयोजन करते थे।





सार्वजनिक रूप से होली मनाने की चलन पृथ्वीराज कपूर से लेकर अमिताभ बच्चन तक चला। यह एक तरह से खेमे की तरह था। सबसे मशहूर थी राजकपूर की होली, जहां बड़े-बड़े सितारों पहुंचते थे। इस समारोह में न्यौता मिलना शान की बात समझी जाती थी। हालांकि, अब बॉलिवुड के सितारे भी बड़े स्तर पर होली का आयोजन नहीं कर रहे हैं। आज जानते हैं बॉलीवुड के सितारों की कुछ मशहूर होली, जो किन्हीं वजहों से अब नहीं मनाई जाती है।

राज कपूर की ओर से आयोजित होली बॉलीवुड (ल्ह्रू') में सबसे मशहूर थी। इसका आयोजन आरके स्टूडियो में होता था। इस आयोजन का काफी नाम था। इसमें सभी बड़े सितारे आते थे। होली मनाने के लिए उन्हें आमंत्रण भेजा जाता था। यहां बड़े टब में रंग होता था, जिसमें सभी को सराबोर किया जाता था। दिन पर गाना-बजाना चलता था। ये सितारों यहां नाचते-गाते थे। सुबह से शाम तक खाना-पीना चलता था। कहा जाता था कि जब तक सितारा देवी और गोपी कृष्ण इसमें नहीं नाचते, इसे पूरा नहीं माना जाता था। जब मेरा नाम जोकर फ्लॉप हो गई, आरके प्रॉडक्शन घाटे में चला गया, तब भी यहां होली का आयोजन किया गया। 1988 में राज कपूर के निधन के साथ ही यहां होली समारोह बंद हो गया।


बॉलीवुड को कई सुपरहिट फिल्में और एक्टर्स देने वाले यश चोपड़ा भी होली का आयोजन करते थे। यशराज स्टूडियो में पार्टी रखी जाती थी, जिमें उनके करीबी और स्टाफ शामिल होते थे। उनके निधन के बाद यह समारोह बंद हो गया।

राजकपूर की तरह सुभाष घई को भी शोमैन माना जाता है। ऐसे में सुभाष घई भी अपने मड आइलैंड वाले बंगले पर होली का आयोजन करते थे। इसमें भी बड़े-बड़े सितारे पहुंचते थे। वे एक्टर से लेकर टेक्नीशियंस तक को होली खेलने बुलात थे। 80 के दशक में इनका होली समारोह भी काफी मशहूर रहा। इसके बाद यह आयोजन बंद हो गया।

रंग बरसे भीगे चुनर वाली रंग बरसे.... अमिताभ पर फिल्माया यह गाना होली के मशहूर गानों में से है। जब अमिताभ बच्चन अपने जुहू वाले बंगले पर होली का बड़ा समारोह रखते थे, तो यह गाना खूब बजता था। इसमें भी बॉलिवुड के सभी बड़े सितारे शामिल होते थे। साल 2008 में मुंबई पर हुए आतंकी हमलों के बाद बच्चन परिवार ने सार्वजनिक रूप से होली का जश्न मनाना बंद कर दिया।

शबाना आजमी और जावेद अख्तर के घर होने वाला होली सेलिब्रेशन भी हाल ही के वर्षों तक काफी मशहूर हुआ करता था। श्रीदेवी के निधन के बाद शबाना आजमी ने इस आयोजन को बंद कर दिया।

# रणदीप हुड्डा की फिल्म 'पचहत्तर का छोरा' में नीना गुप्ता संग आएं नजर





बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा के पास इन दिनों कई प्रोजेक्ट की लाइन लगी हुई है। इसी बीच रणदीप की एक और नई फिल्म का ऐलान हो गया है। रणदीप हुड्डा फिल्म 'पचहत्तर का छोरा' में नीना गुप्ता संग नजर आने वाले हैं। पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'पचहत्तर का छोरा' का निर्माण जेजे क्रिएशन्स एलएलपी और शिवम सिनेमा विजन द्वारा साझा तौर पर किया जा रहा है।

फिल्म की शूटिंग राजस्थान के राजसमंद में शुरू हो चुकी है। नीना गुप्ता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म के पोस्टर के साथ मुहूर्त की तस्वीरें भी शेयर की है। तस्वीर शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'एज नो बार? पेश है पचहत्तर का छोरा, ट्विस्ट के साथ एक अलग रोमकॉम! शूटिंग शुरू।'

इस फिल्म का निर्देशन जयंत गिलातर कर रहे हैं। फिल्म में रणदीप हुड्डा और नीना गुप्ता के अलावा गुलशन ग्रोवर और संजय मिश्रा भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

रणदीप हुड्डा ने 'पचहत्तर का छोरा' में काम करने को लेकर कहा, इस फिल्म में मेरा रोल मेरी अब तक की बाकी फिल्मों से काफी अलग और दिलचस्प है। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है जिसमें सिचुएशनल ह्यूमर का खूब तड़का देखने को मिलेगा। यह फि ल्म लोगों को ह ?साने के साथ साथ दर्शकों को सोचने पर भी मजबूर करेगी जो इस फि ल्म की सबसे बड़ी खासियत है।

# जेल से बाहर आने के बाद शीजान खान को आई तुनिषा शर्मा की याद, बोले- अगर वो जिंदा होती तो...



टीवी एक्ट्रेस तुनिषा शर्मा सुसाइड केस में लगभग 70 दिन जेल में बिताने के बाद शीजान खान को जमानत मिल गई है। शीजान पर तुनिषा शर्मा को सुसाइड के लिए उकसाने का आरोप लगा है, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। एक्ट्रेस ने 24 दिसंबर 2022 को अली बाबा के सेट पर एक्स बॉयफ्रेंड और को-एक्टर शीजान खान के मेकअप रूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

जेल से बाहर आने के बाद शीजान खान ने एक इंटरव्यू में तुनिषा शर्मा को लेकर बात की। उन्होंने यह भी बताया की वह तुनिषा को कितना मिस कर रहे हैं। ई टाइम्स को दिए इंटरव्यू में शीजान ने कहा, मुझे उसकी याद आ रही है, अगर वो जिंदा होती तो मेरे लिए लड़ती।

जेल से बाहर आने की खुशी जाहिर करते हुए शीजान ने कहा, मुझे आज आजादी का सही मतलब समझ आया है, मैं इसे महसूस कर सकता हूं। मैंने जब अपनी मां और बहनों को देखा तो मेरी आंखों में आंसू थे। मैं उनका साथ फिर से पाकर बेहद खुश हूं। फाइनली मैं अपनी फैमिली के साथ हूं।

गौरतलब है कि शीजान खान और तुनिषा शर्मा टीवी सीरियल 'अली बाबा' के लीड स्टार्स थे। दोनों की पहली मुलाकात इसी शो पर हुई थी। शो के दौरान ही तुनिषा और शीजान रिलेशनशिप में आ गए थे। हालांकि कुछ समय बाद ही दोनों का ब्रेकअप हो गया था। शीजान से ब्रेकअप के बाद तुनिषा डिप्रेशन में आ गई थीं।

# एक्शन से भरपूर अजय देवगन की फिल्म 'भोला' का ट्रेलर

बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन और तब्बू की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'भोला' का धमाकेदार ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है। ट्रेलर में अजय देवगन के साथ-साथ तब्बू का भी जबरदस्त एक्शन अवतार देखने को मिल रहा है। भोला का ट्रेलर रिलीज होते ही फैंस के बीच छा गया है। फिल्म में अजय देवगन खलनायक तो तब्बू पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आ रही हैं।

2.33 मिनट का ट्रेलर जबरदस्त एक्शन और बेहतरीन डायलॉग से भरा हुआ है। फिल्म में अजय का डैडली लुक सबसे बड़ा हाईलाइट है। अजय देवगन का धमाकेदार अवतार देख फैंस के रोंगटे खड़े हो गए हैं। ट्रेलर का बैकग्राउंड म्यूजिक भी जबरदस्त है।

'भोला' अजय देवगन के निर्देशन में बनने वाली चौथी फिल्म है। फिल्म में अजय देवगन और तब्बू मुख्य के अलावा राय लक्ष्मी, दीपक डोबरियाल, संजय मिश्रा नजर आएंगे। फिल्म में अभिषेक बच्चन और अमाला पॉल का कैमियो अपीयरेंस है। ट्रेलर सामने आने के बाद फैंस इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार करने लगे हैं। भोला 30 मार्च, 2023 को रिलीज होने जा रही है। 'भोला' साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'कैथी' की हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में साउथ सुपरस्टार कार्थी शिवकुमार ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फिल्म भोला 3डी में रिलीज होगी।




# जया बच्चन ने खोले अपने और बहु एश्वर्या के रिश्ते के राज

बॉलीवुड अभिनेत्री जया बच्चन आमतौर पर अपने गुस्से के लिए जानी जाती है। पैपराजी हो या कोई और मामला जया बच्चन हर जगह अपना गुस्सा और नाराजगी जाहिर करती रहती है। इस बार उन्होंने अपने परिवार और खासकर बहू एश्वर्या को लेकर बयान दिया है।

बॉलीवुड अभिनेत्री जया बच्चन अलग अलग मुद्दों पर अपनी राय रखती रही है। पूरा बच्चन परिवार बॉलीवुड का सबसे चर्चित परिवार है, जिनके रिश्तों को लेकर समय समय पर चर्चा की जाती रही है। आमतौर पर मीडिया और पैपराजी पर भड़ने वाली जया बच्चन घर में काफी अनुशासन के साथ रहती है। वैसे उनके और उनकी बहू ऐश्वर्या राय के रिश्ते को लेकर भी कई तरह की बाते सामने आती रही है। इस बार खुद जया बच्चन ने अपनी बहू ऐश्वर्या राय को लेकर बड़ा बयान दिया है।



ऐश्वर्या राय को लेकर जया बच्चन ने कहा कि उन्हें वो अपनी बहू नहीं मानती है। यहां तक कि उन्होंने ये भी कहा कि उनके पति अमिताभ बच्चन भी ऐश्वर्या राय को अपनी बहू नहीं मानते है। जया बच्चन का कहना है कि ऐश्वर्या को दोनों ही अपनी बेटी की तरह मानते है। वहीं ऐश्वर्या राय के साथ अपने रिश्ते को लेकर जया बच्चन ने कहा कि ऐश्वर्या और मेरा रिश्ता दोस्ती का भी है। अगर उनकी कोई बात मुझे पसंद नहीं आती तो मैं साफ तौर पर ये बता देती हूं।

उन्होंने आगे कहा कि मैं पीठ पीछे राजनीति करने वालों में से नहीं हूं। अगर कोई बात गलत लगती है या असहमति होती है तो मैं सीधे बता देती हूं। सिर्फ यही नहीं अगर ऐश्वर्या असहमत होती हैं तो वो भी बताती हैं। मगर बहू होने के नाते वो थोड़ा लिहाज करती हैं जबकि मैं सास होने के नाते सीधे बोल देती हूं।

दोनों मिलकर साथ करती हैं ये काम

जया बच्चन ने बताया कि दोनों को साथ में बैठकर घर पर समय बीताना काफी पसंद है। उन्होंने कहा कि हमें घर पर बैठकर फालतू बातें करना बहुत पसंद है। हम दोनों जब भी कभी साथ होते हैं तो एक दूसरे के साथ समय बीताना पसंद करते है। हमारा रिश्ता बहुत अच्छा है। उन्होने ऐश्वर्या की तारीफ करते हुए उन्हें बेहतरीन मां बताया है। उन्होंने कहा कि ऐश्वर्या अपनी बेटी आराध्या का पूरा ध्यान रखती है। वो किसी नर्स की तरह अपनी बेटी पर नजर रखती है और उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखती है।

# शुभमन गिल ने बताया सारा अली खान नहीं इस एक्ट्रेस के लिए धड़कता है दिल, जानिए किसने लिया क्रिकेटर का विकेट!

भारतीय क्रिकेटर टीम के धुआंधार बल्लेबाज शुभमन गिल के रिलेशनशिप को लेकर अब बड़ी जानकारी सामने आई है। क्योंकि क्रिकेटर ने मीडिया के सामने अपनी क्रश का नाम बता दिया है।

बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस सारा अली खान और इंडिया क्रिकेट टीम के खिलाड़ी शुभमन गिल की रिलेशनशिप को लेकर कई बार खबरें सामने आई हैं। दोनों को साथ में देखने के दावे किए जा रहे हैं। लेकिन दोनों ने ही अब तक अपनी रिलेशनशिप पर चुप्पी साधी हुई है। वहीं अब सारा अली खान से अफेयर की खबरों के बीच शुभमन गिल ने सबको यह बता दिया है कि उन्हें कौन सी एक्ट्रेस पसंद है, उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि उन्हें किस पर क्रश है।



लेकिन जो नाम सामने आया है वह सारा अली खान का नहीं है। दरअसल, एक इंटरव्यू के दौरान शुभमन गिल से यह सवाल किया गया कि उन्हें कौन सी एक्ट्रेस सबसे ज्यादा पसंद है। इस सवाल को सुनते ही पहले तो शुभमन ब्लश करने लगे उसके बाद बात को टालने की कोशिश में लग गए। लेकिन जब यह सवाल दोहराया गया और उनसे उनकी फेवरेट एक्ट्रेस का नाम पूछा गया तो उन्होंने 'पुष्पा' स्टार रश्मिका मंदाना का नाम लिया। उन्होंने कहा कि उन्हें रश्मिका मंदाना पर क्रश है।

आपको बता दें कि शुभमन के मुंह से ये नाम सुनकर हो सकता है सारा अली खान के फैंस को काफी झटका लगा हो। लेकिन शुभमन की इस बात पर अब तक रश्मिका मंदाना ने कोई रिएक्शन नहीं दिया है। लेकिन यह वीडियो क्लिप वायरल हो रही है और लोग रश्मिका के जवाब का इंतजार कर रहे हैं।

# पशु प्रेमियों के लिए नया नियमः पालतू कुत्ते ने काटा तो मालिक को कराना होगा इलाज, जुमार्ना भी देना पड़ेगा

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौड़ सिटी-2 में लोगों की सुरक्षा को देखते हुए कई कदम उठाए गए हैं। नए नियमों के तहत अब कुत्ते के मालिक को कुत्ते के काटने पर खर्च उठाना पड़ेगा। कुत्ते मालिक ने बार-बार नियमों का उल्लंघन किया तो आपसी सहमति बनाकर जुमार्ना लगाया जाएगा।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौड़ सिटी-2 के 11 एवेन्यू में लावारिस व पालतू कुत्तों से निवासी परेशान हो गए हैं। निवासियों ने अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (एओए) से इससे निजात दिलाने की गुहार लगाई थी। निवासियों के हित को देखते हुए अब एओए ने नियम लागू कर दिए हैं। इसके तहत कोई पालतू कुत्ता किसी निवासी को काटता है तो उसके इलाज का खर्चा कुत्ते के मालिक को उठाना पड़ेगा।

एओए अध्यक्ष सचिन त्यागी ने बताया कि निवासियों की सुरक्षा को देखते हुए कई कदम उठाए गए हैं। नए नियमों के तहत अब कुत्ते के मालिक को कुत्ते के काटने पर खर्च उठाना पड़ेगा। कई बार पशु प्रेमियों और निवासियों के बीच में विवाद हो चुके हैं। इसको देखते हुए पालतू कुत्तों को सोसाइटी के बेसमेंट पार्क में बच्चों व बुजुर्गों के मौजूदगी में ले जाने पर रोक लगाई गई है, जिससे लोगों की सुरक्षा बनी रहे। साथ ही जल्द से जल्द पालतू कुत्तों का रजिस्ट्रेशन करने की भी मांग की गई है।

# सीएम रेखा ने भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी से की मुलाकात, बोलीं- उनका पूरा जीवन त्याग और समर्पण की मिसाल

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

नई दिल्ली । दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी का पूरा जीवन राष्ट्रसेवा, त्याग एवं समर्पण की अद्वितीय मिसाल है, जो हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भाजपा के वरिष्ठ नेता भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी से उनके आवास पर मुलाकात की। सीएम रेखा गुप्ता ने एक्स पर लिखा, 'वरिष्ठ नेता भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी से उनके आवास पर भेंट कर उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हुआ। उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, त्याग एवं समर्पण की अद्वितीय मिसाल है, जो हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

सीएम रेखा गुप्ता ने लिखा, 'राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी दूरदृष्टि, नीतिगत दृढ़ता एवं अटूट प्रतिबद्धता हमें निरंतर जनसेवा एवं विकास के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। मैं ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु जीवन की प्रार्थना करती हूं। आपका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन हमें सदैव प्राप्त होता रहे।'

समाजसेवी प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा से की मुलाकात-दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने एक्स पर लिखा, 'भाजपा के संस्थापक सदस्य, वरिष्ठ नेता, प्रख्यात शिक्षाविद् एवं समाजसेवी प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उनका मार्गदर्शन और अनुभव समाज और राजनीति के लिए सदैव बहुमूल्य रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के विकास, शिक्षा और युवा सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।'

# मिनी कंट्रोल रूम से हो रही स्टेशन की दोहरी निगरानी



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गाजियाबाद। होली के मद्देनजर गाजियाबाद स्टेशन पर भीड़ नियंत्रण व सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। एरिया ऑफिसर के कक्ष में बनाए गए मिनी कंट्रोल रूम से रेलवे स्टेशन की गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसमें आरपीएफ, जीआरपी के अलावा अन्य इकाइयों के कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है।

आरपीएफ निरीक्षक यशवंत सलूजा ने बताया कि मिनी कंट्रोल रूम से स्टेशन की दोहरी निगरानी हो रही है। प्लेटफार्मों पर भीड़ को नियंत्रण करने के लिए अलग से बनाए गए प्रतीक्षालय में यात्रियों को रुकवाने की व्यवस्था कराई गई है। मिनी कंट्रोल रूम से समय समय पर जरूरी दिशा निर्देश जारी किए जा रहे हैं और मुख्यालय को इसकी रिपोर्ट भी भेजी जा रही है। होली की भीड़ स्टेशन पर जब तक कम नहीं होगी तब तक विशेष टिकट जांच दल भी सक्रिय रहेगा। किसी भी ऐसे यात्री, जिसकी सीट कन्फर्म नहीं है या फिर वह सामान्य टिकट ले रहा है, उसको आरक्षित श्रेणी में घुसने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसको लेकर विशेष सख्ती की जा रही है। त्योहार पर संयुक्त गश्त : होली के मददेनजर आरपीएफ, जीआरपी की टीम ने स्टेशन के सभी प्लेटफार्मों के अलावा स्टेशन के दोनों तरफ गश्त की। इस दौरान संदिग्धों से पूछताछ के अलावा यात्रियों के सामान की भी जांच की गई। इस दौरान यात्रियों से अधिकारियों ने अपील की है कि वह अफरा तफरी का माहौल पैदा न करें। खुद भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रहने दें का अधिकारियों ने पाठ पढाया।

बिना टिकट प्रवेश नहीं : विजयनगर व शहर साइड में स्टेशन पर आरपीएफ के जवान तैनात किए गए हैं, जो बिना टिकट यात्रियों की जांच कर रहे हैं। ऐसे किसी भी व्यक्ति को अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है, जिसपर टिकट नहीं है। मुख्य टिकट काउंटर के अलावा स्टेशन के दोनों तरफ अस्थाई टिकट काउंटर बनाए गए हैं। मुख्य काउंटर पर भीड़ बढ़ते ही इनको खोला जा रहा है।

पांच घंटे 18 मिनट देरी से आई कलिंगा उत्कल :

मंगलवार को कलिंगा उत्कल अपने निर्धारित समय से पांच घंटे 18 मिनट देरी से गाजियाबाद पहुंची। इसको यहां सुबह 11 बजे पहुंचना था, लेकिन यह यहां 4:18 पर पहुंची। अवध असम एक्सप्रेस एक घंटे 47 मिनट, शालीमार एक्सप्रेस 25 मिनट, सीमांचल एक्सप्रेस 45 मिनट, छत्तीसगढ़ आधा घंटे, जम्मू तवी एक्सप्रेस तीन घंटे, आनंदविहार टर्मिनल सात घंटे देरी से गाजियाबाद पहुंची।

